# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–192 । सागर, बुधवार, 30 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

सड़क न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित पृष्ठ 3
▪ राजनीतिक घुसपैठ ने भारतीय उच्च शिक्षा को संकट में डाला
▪ लोकसभा चुनाव के लिए है इंडिया गठबंधन, राज्यों के चुनाव के लिए नहीं पृष्ठ 4
▪ अपराधी अपराध छोड़े या फिर प्रदेश छोड़ दें : नरेंद्र सिंह पृष्ठ 6
ढोलक में छिपाकर गांजा तस्करी कर रहे 3 आरोपी गिरफ्तार पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### 4 देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एस्तोनिया, यूक्रेन, बुर्किना फासो और नॉर्वे के नव नियुक्त राजदूतों से परिचय-पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इन राजनयिकों में एस्टोनिया गणराज्य की राजदूत श्रीमती मार्जे लुप, यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक, बुर्किना फासो के बुर्किना फासो के राजदूत डॉ. डिज़ायर बोनिफेस सोम और नॉर्वे की राजदूत श्रीमती मे-एलिन स्टेनर शामिल हैं।

### भूपेश का पिछड़ों की राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अन्य पिछड़ा वर्गों हेतु पृथक से कोड निर्धारित करते हुए राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध किया हैं। श्री बघेल ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि मेरे द्वारा गत अप्रैल में छत्तीसगढ़ के अन्य पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिए जाने तथा इस विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने का आपसे अनुरोध किया गया था।

### शुभकामनाएं

देशबन्धु के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- संपादक**

### अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में 30 अगस्त को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 1 सितंबर को प्रकाशित होगा।

**- प्रबंधक**

### इमरान मसूद को बसपा ने किया निष्कासित

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पूर्व विधायक इमरान मसूद को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते मंगलवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। पार्टी की सहारनपुर इकाई के अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने यहां जारी बयान में कहा कि श्री मसूद को अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप के कारण निष्कासित किया गया है। उन्होने कहा कि पूर्व विधायक को पहले भी उनके इस कृत्य के कारण चेतावनी दी जा चुकी थी मगर कोई सुधार न आता देख पार्टी ने उनके निष्कासन का फैसला लिया।

### नीति आयोग ने एसडीजी पर किया समझौता ज्ञापन

नई दिल्ली। नीति आयोग ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में तेजी लाने के लिए यूएनडीपी इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी बी. वी. आर. सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ योगेश सूरी और यूएनडीपी इंडिया की स्थानीय प्रतिनिधि शोको नोडा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य एसडीजी स्थानीयकरण, आंकड़ा-संचालित निगरानी, आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों सहित कई क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा को औपचारिक रूप देना है।

### डिप्टी मेयर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**चेन्नई, एजेंसी।** एक विधवा महिला की धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर सिटी क्राइम ब्रांच पुलिस ने चेन्नई के डिप्टी मेयर मगेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि एस.आर.मोहन की विधवा पत्नी एसाक्की अम्मल ने इस मामले में शिकायत दर्ज की थी। उसके पति अन्य भागीदारों के साथ खदान व्यवसाय चला रहे थे। मास माइंस नाम की खदान तांबरम में संचालित की गई थी, वहीं मोहन का 2021 में कुछ बीमारी के कारण निधन हो गया था।

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री को मोबाइल इंटरनेट की अनुमति

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर सरकार ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करने की अनुमति दी है। गृह आयुक्त टी रंजीत ने सोमवार को सूची जारी की जिसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री के कानूनी सलाहकार, स्पीकर, मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश, कैबिनेट मंत्री, महाधिवक्ता, पुलिस महानिदेशक, प्रशासनिक सचिव, विश्वविद्यालयों के कुलपति, वरिष्ठ कमांडेंट स्तर तक के अधिकारी और सेना/असम राइफल्स शामिल हैं।

सरकार ने रसोई गैस उपभोक्ताओं को दी राहत

# गैस सिलेंडर 2 सौ रुपए हुआ सस्ता





75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की भी घोषणा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सरकार ने ओणम और रक्षाबंधन के त्योहार पर देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ताओं को तोहफा देते हुए प्रति सिलेंडर दाम 200 रुपए कम करने और 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की मंगलवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की बहनों को तोहफे के रूप में प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इससे वर्ष 2023-24 में सरकारी खजाने पर 7680 करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्हें 200 रुपए की मौजूदा सब्सिडी के साथ ही 200 रुपए की कमी का भी फायदा होगा। उन्हें अब 400 रुपए बचेंगे। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में 75 लाख नए उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी करने का फैसला किया है। इस तरह से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम मार्च 2023 में 50 रुपए बढ़ाए गए थे। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 1103 रुपए हो गई थी।

मुख्यमंत्री ने जताया आभार, कहा-

### प्रधानमंत्री ने रक्षा बंधन पर बहनों को दी बड़ी सौगात



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर देश की सभी बहनों को घरेलू एलपीजी सिलेंडर के मूल्य में 200 रुपए की कटौती करने के साथ कई बड़ी सौगातें दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति उनका आभार माना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा सभी उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी सिलेंडर के मूल्य में कटौती का फैसला नेतृत्व की संवेदनशीलता तथा सहृदयता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इन अभूतपूर्व निणर्यों के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री मोदी का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

कीमत घटाए जाने पर खड़गे का तंज

### जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने



केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए कम करने पर कांग्रेस ने चुनाव से जोड़ते हुए केंद्र सरकार पर तंज कसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने! जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाली निर्दयी मोदी सरकार अब माताओं-बहनों से दिखावटी सद्भावना जता रही है।' खड़गे ने आगे कहा, साढ़े 9 सालों तक 400 रुपए का एलपीजी सिलेंडर 1100 में बेच कर आम आदमी की जिंदगी तबाह करते रहे तब कोई स्नेह भेंट की याद क्यों नहीं आई?

ममता ने भी किया हमला

### ये है `इंडिया का दम

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी हमले करते हुए एक्स पर लिखा, 'अभी तक पिछले दो महीने में 'इंडिया' गठबंधन की सिर्फ दो बैठक हुई और आज हम देख रहे हैं कि एलपीजी गैस के दाम 200 रुपए कम कर दिए गए। ये है 'इंडिया का दम।

### एक साल में 27 फीसदी महंगी हुई अरहर दाल

उड़द से लेकर मसूर की कीमतों में वृद्धि जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद दाल की कीमतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर से अरहर दाल की कीमतों में सबसे तेज उछाल देखने को मिली है। पिछले एक वर्ष में अरहर दाल 27 फीसदी तक महंगी हो चुकी है। तो उड़द से लेकर मसूर दाल की कीमतों में भी बढ़ोतरी जारी है। वहीं इस साल मानसून में कम बारिश के चलते आने वाले दिनों में दाल की कीमतों में और उछाल की आशंका जताई जा रही है।

डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के प्राइस मॉनिटरिंग डिविजन जो देशभर में खुदरा कीमतों पर रोजाना नजर रखता है उसके डेटा की मानें तो अरहर दाल जहां 29 अगस्त 2022 को 110.66 रुपए प्रति किलो में मिल रहा था उसकी औसत कीमतें एक साल में बढ़कर 140.34 रुपए प्रति किलो हो चुकी है। यानि एक साल की अवधि में 27 फीसदी अरहर दाल के दाम बढ़ चुके हैं।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 6 महीने और बढ़ाने की योजना

### जून 2024 तक मुफ्त में राशन देने की तैयारी


• विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** इस साल के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा और अगले साल के लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव जिताऊ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को मोदी सरकार अगले 6 महीने और बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इस योजना के जरिए तकरीबन तीन साल से ज्यादा समय से देश की 80 करोड़ आबादी को मुफ्त में राशन मुहैया कराया जा रहा है। गौरतलब है कि अभी तक इस योजना की मियाद दिसम्बर 2023 तक है। लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसे अगले 6 माह के लिए फिर से बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।

भरोसमंद सूत्रों के मुताबिक, इस योजना के जरिए पिछले कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को फायदा मिल चुका है। लिहाजा कम से कम केंद्र सरकार इसे जून 2024 तक हर हाल में जारी रखना चाहती है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि बढ़ाने के संबंध में शीर्ष स्तर पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। दिसम्बर में इस योजना की मियाद खत्म हो, इससे पहले इसे जून 2024 तक बढ़ाया जा सकता है। इस बीच लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो जाएगा और केंद्र में नई सरकार सत्ता संभाल लेंगी। इसे लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही सरकार के स्तर पर भी उच्च स्तरीय विचार-विमर्श चल रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस बारे में अंतिम फैसला लिया जा सकता है और फिर से इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेज दिया जाएगा। बतादें कि इस योजना के जरिए पिछले साल हुए उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को काफी लाभ मिला था। इस कारण अब इसे जून 2024 तक बढ़ाने की तैयारी है।

# मुंबई में इंडिया व एनडीए की बैठक एक ही दिन

- शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में होंगे शामिल
- एनडीए की महाराष्ट्र शाखा की भी 1 सितम्बर को बैठक



**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में होने वाली है। इस बीच एनडीए की महाराष्ट्र यूनिट ने भी इसी दिन यानी 1 सितंबर को मीटिंग करने की घोषणा की है। हालांकि इसमें महाराष्ट्र सरकार में शामिल एकनाथ शिंदे गुट शिवसेना, भाजपा और अजित पवार का एनसीपी गुट ही शामिल होगा। एनसीपी में फूट के बाद एक तरफ जहां शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे, वहीं उनके भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का गुट सत्ता पक्ष के साथ बैठक करेगा।

### गठबंधन की बैठक के लिए पहुंचे लालू, आज नीतीश आएंगे मुंबई

**पटना, एजेंसी।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मंगलवार को इंडिया की बैठक में शामिल होने के लिए तेजस्वी यादव के साथ मुंबई पहुंच गए हैं। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि आप मुंबई जा रहे हैं। इस पर लालू ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी की नरेटी यानी गर्दन पर चढ़ने जा रहा हूं। बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंबई जायेंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मुंबई में डॉक्टरों से मिलेंगे और स्वास्थ्य जांच कराएंगे। इसके अलावा वे विपक्ष के नेताओं से मिलकर होनी वाली बैठक की रणनीति बनाएंगे। विपक्ष के इंडिया गठबंधन की बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली है। इस बैठक में गठबंधन के संयोजक की घोषणा होनी है। साथ ही समन्वय समिति के गठन, आम चुनावों के लिए समझौते में शामिल सभी पार्टियों के बीच संभावित सीट-बंटवारे के फॉर्मूले पर भी चर्चा हो सकती है।

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की रणनीति में बड़े बदलाव की तैयारी

# 40 से ज्यादा विधायकों का कट सकता है टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होना है और भाजपा इस बार अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल कर राज्य में फिर से सरकार बनाने के लक्ष्य को लेकर चुनावी मैदान में उतर रही है। 2018 की गलतियों से सबक लेते हुए भारतीय जनता पार्टी ने इस बार अपने रणनीति में व्यापक बदलाव किया है।

भाजपा ने इस बार एक तरफ जहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा अन्य दिग्गज नेताओं को भी चुनाव प्रचार अभियान में आगे रखा है तो वहीं अब एंटी इनकंबेंसी के माहौल को कमजोर करने के लिए पार्टी ने अपने 40 से ज्यादा वर्तमान विधायकों का टिकट काटने की भी तैयारी कर ली है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने राज्य के एक-एक विधान सभा सीट पर जीत हार के समीकरण को लेकर और वर्तमान विधायकों की सक्रियता, लोकप्रियता, उम्र, जनाधार और जीतने की क्षमता को लेकर कई स्तरों पर व्यापक और बड़े पैमाने पर सर्व करवाए हैं। पार्टी ने दूसरे राज्यों के नेताओं और खासकर विधायकों को मध्य प्रदेश में उतार कर हर विधानसभा सीट की ग्राउंड जानकारी एकत्र की है और इस आधार पर पार्टी ने अपने वर्तमान विधायकों को बड़े पैमाने पर बदलने का फैसला किया है।

सूत्रों के मुताबिक, पार्टी इस बार अपने 40 से ज्यादा वर्तमान विधायकों का टिकट काट कर उनकी जगह युवा और नए चेहरे को

### युवा चेहरों को मिलेगा मौका

चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है ताकि सत्ता विरोधी लहर को मात देकर उन सीटों पर फिर से जीत हासिल की जा सके। हालांकि, टिकट कटने वाले नेताओं की लिस्ट में कुछ ऐसे विधायक भी शामिल हैं जिनकी उम्र 75 पार हो चुकी है।

आपको बता दें कि, 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को कांग्रेस से थोड़ा ज्यादा वोट हासिल होने के बावजूद राज्य में सिर्फ 109 सीटों पर ही जीत हासिल हो पाई थी। जबकि, कांग्रेस के उम्मीदवार 114 सीटों पर जीते थे। 2018 में भाजपा को मध्य प्रदेश में 41.02 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। जबकि, कांग्रेस को भाजपा से थोड़ा कम 40.89 प्रतिशत वोट मिला था। बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया के खेमे के विधायकों के इस्तीफे के कारण कमलनाथ की सरकार गिर गई और शिवराज सिंह चौहान फिर से राज्य के मुख्यमंत्री बने। सिंधिया गुट के इस्तीफा देने वाले कई विधायक भाजपा के टिकट पर उपचुनाव जीत कर विधायक बने। वर्तमान में मध्य प्रदेश विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या 127 है और पार्टी इनमें से 40 से ज्यादा विधायकों के टिकट काटने का मन बना चुकी है। आपको याद दिला दें कि, राज्य में विधान सभा चुनाव की घोषणा होने से पहले ही भाजपा हाल ही में अपने लिए कमजोर माने जाने वाली 39 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर चुकी है।

भाजपा ने पहले चरण में मध्य प्रदेश की 39 सीट पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इनमें पूर्व विधायकों से लेकर 75 की उम्र तक के लोग शामिल हैं। पार्टी ने परिवारवाद से भी गुरेज नहीं किया है। चाचा, भतीजे से लेकर बेटे तक को मैदान में उतारा है। इससे साफ है कि पार्टी को बस जिताऊ चेहरे की तलाश है। उम्र का बंधन या परिवारवाद जैसी बातें सिर्फ भाषण और विपक्ष पर हमला करने तक ही सीमित रहेंगे।

चीन ने जारी किया नया नक्शा

# अरुणाचल व अकसाई चिन को बताया अपना क्षेत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन की सरकार ने बीते सोमवार को एक नया नक्शा जारी किया है, जिसमें उन्होंने भारत के अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपना क्षेत्र बताया है. ये पहली बार नहीं है जब चीन ने इस तरह के विस्तारवादी नीति को अंजाम दिया है। इससे पहले इसी साल अप्रैल के महीने में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के 11 जगहों के नाम को बदलने की मंजूरी दे दी थी। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक नए नक्शे में भारत के हिस्सों के अलावा चीन ने ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर को भी चीनी क्षेत्र में शामिल किया है। मैप में चीन ने नाइन-डैश लाइन परअपना दावा पेश किया है। इस तरह से उसने साउथ चाइना सी के एक बड़े हिस्से पर दावा पेश किया है। हालांकि, वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया और ब्रूनेई दक्षिण चीन सागर क्षेत्रों पर अपना-अपना दावा करते रहते हैं।

### जी-20 में चीन के अपराध को उजागर करे : खड़गे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन को भारत का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा है कि दूसरों की जमीन को अपने नक्शे में दिखाने के चीन के आदतन अपराध का जी-20 जैसे वैश्विक मंच पर खुलासा कर भारत को सख्त लहजे में उसे जवाब देना चाहिए। श्री खडगे ने कहा, अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं और मनमाने ढंग से ईजाद किया गया चीनी का कोई भी नक्शा इस हकीकत को बदल नहीं सकता।

### नाम बदलने से हकीकत नहीं बदल जाएगी : बागची

भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन की इस हरकत पर पलटवार किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था- हमारे सामने चीन की इस तरह की हरकतों की रिपोर्ट्स पहले भी आई हैं। हम इन नए नामों को सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा। इस तरह से नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा-

# जम्मू कश्मीर को कब तक मिलेगा राज्य का दर्जा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि सरकार कब तक जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। कोर्ट ने सरकार से समय सीमा और रोडमैप बताने को कहा है।

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि सरकार कब तक जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। कोर्ट ने सरकार से समय सीमा और रोडमैप बताने को कहा है।

दरअसल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला स्थायी नहीं था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जब हालात सामान्य हो जाएंगे तो जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। सॉलसिटर



जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वह 31 अगस्त को इस पर विस्तृत वक्तव्य देंगे। मेहता ने ये भी बताया कि अभी लद्दाख का केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा बरकरार रहेगा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र को साफ करना चाहिए कि जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की क्या समय सीमा और रोडमैप है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र बहाल करना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र महत्वपूर्ण है और अनंत काल के लिए चुनावी लोकतंत्र की अनुपस्थिति की इजाजत नहीं दी जा सकती। हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए सरकार राज्य का पुनर्गठन कर सकती है।

### जातीय जनगणना पर केंद्र का नया हलफनामा

केंद्र सरकार ने बिहार में जातिगत सर्वे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार सुबह दाखिल किया हलफनामा कुछ घंटे बाद वापस ले लिया। पहले हलफनामे के पैरा 5 में लिखा था कि सेंसस एक्ट 1948 के तहत केंद्र के अलावा किसी और सरकार को जनगणना या इससे मिलती-जुलती प्रकिया को अंजाम देने का अधिकार नहीं है। बाद में केंद्र ने इस हिस्से को हटाते हुए नया हलफनामा दायर किया। इसमें कहा- 'पैरा 5 अनजाने में शामिल हो गया था। नया हलफनामा संवैधानिक और कानूनी स्थिति साफ करने के लिए दायर किया है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर यादव समाज की बैठक सम्पन्न



**बण्डा, देशबन्धु।** भगवान श्री कृष्णजन्माष्टमी उत्सव को लेकर आज मंडी प्रांगण में यादव समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बंडा क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुये जिसमें आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। और सभी ने अपने अपने विचार रखे बैठक मैं निर्णय लिया गया कि 7 सितंबर श्री कृष्णजन्माष्टमी के दिन शाहगढ़ क्षेत्र से माता अबार मंदिर तक निकाली जा रही बाइक रैली मैं बंडा क्षेत्र से सैकड़ों लोग शामिल होंगे इसके उपरांत 10 सितंबर दिन रविवार को बंडा नगर मैं विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बैठक को सफल बनाने के लिए बंडा शाहगढ़ के समस्त ग्रामों एवं सागर एवं आसपास से पधारे यादव बंधुओ का यादव समाज युवा यादव ने आभार माना है।

## आरोपियों को शीघ्र सजा देने की मांग को लेकर अजाक्स ने दिया ज्ञापन




**सागर, देशबन्धु।** मप्र जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी मंच अजाक्स जिला सागर के तत्वाधान में राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें मांग की गई कि 24 अगस्त की रात्रि में बरौदिया नौनगिर गांव खुरई जिला सागर में पुरानी रंजिश में युवक नितिन उर्फ लालू अहिरवार को पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने आई मृतक की मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की व सरेआम निर्वस्त्र कर दिया गया। जिला सागर अजाक्स अध्यक्ष गजेन्द्र बोहत ने मांग की है कि अपराधियों को फास्ट्रेक न्यायालय में जल्द से जल्द सजा सुनाई जाये एवं मृतक के परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी शीघ्र दिलाने की मांग की। ज्ञापन सौपने वालों में आरके सुमन, महेश अहिरवार, अनिल नागवंशी, समीष अहिरवार, एके कोरी, चन्द्रभान रोहित, एसआर आठिया सहित अजाक्स के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 11 वां प्रतिभा सम्मान समारोह शाहगढ़ में होगा



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर गौरव आचार्य देवनंदी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, भारतीय स्टेट बैंक शाखा शाहगढ़ के प्रायोजक में तहसील प्रेस क्लब मप्र के तत्वावधान में 11 वां प्रतिभा सम्मान समारोह, ज्ञानोदय प्रेस अवार्ड, कैरियर काउंसलिंग एवं पत्रकार सम्मेलन कार्यक्रम 3 अक्टूबर को बड़ा बाजार पुरानी गल्ला मंडी शाहगढ़ से संपन्न होगा। इस आयोजन के सफलतम 10 वर्ष हो गये है। बंडा विधानसभा स्तरीय इस आयोजन में अब तक 2500 से ज्यादा छात्र-छात्राऐं और 100 से ज्यादा उपाधियों से समाज के प्रतिभावान प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया है।

## मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया



**टड़ा, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल टड़ा विद्यालय में हॉकी के प्रसिद्ध जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें विद्यालय स्तर पर परम्परागत एवं आधुनिक विभिन्न खेल रस्सा कसी, शेर बकरी, रस्सी कूंद, चेन बनाना, मंडल के खेल, कुर्सी दौड़, कबड्डी, खो-खो आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य कपिल कुमार पाठक, विद्यालय क्रीड़ा प्रमुख द्वारका सेन, अभिभावक, पूर्व छात्र, भैया-बहिन एवं आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

## मिठाई की दुकानों और बनाने वाली जगहों का किया निरीक्षण

**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने मिठाई दुकानों एवं मिष्ठान निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्यवाही में शहर में स्टेशन रोड, सत्कार लॉज के पास स्थित श्री राजस्थान मिष्ठान भंडार से अंजीर बर्फी एवं गुजरात स्वीट्स के ग्राम आम चौपड़, जबलपुर रोड स्थित निर्माण स्थल मनसुख फूड प्रोडक्ट्स से मिल्क केक एवं दूध का मावा के नमूनें जांच हेतु लिए। इन मिठाइयों के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पथरिया नगर में सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना रोड स्थित नेमा भोजनालय का निरीक्षण करके चावल, आटा एवं तैयार भोजन के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। उक्त भोजनालय से खराब भोजन वितरण करने की सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई थी।

# मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कॉलेज में लगाई सौगातों की झड़ी

### 2.36 करोड़ के नवीन भवन का लोकार्पण किया



**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने शास. महाविद्यालय के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में सौगातों की झड़ी लगा दी। श्री सिंह ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया और महाविद्यालय की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किये जाने के आदेश अधिकारियों को दिये। साथ ही अपनी तरफ से भी अनेक घोषणाएं की। श्री सिंह ने 2.36 करोड़ लागत के नवीन भवन का लोकार्पण किया। तदोपरांत समारोह के मंच से संवाद करते हुए छात्र-छात्राओं की समस्याएं सुनी। श्री सिंह ने कहा कि यहां 24 सौ छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं, परन्तु जिस स्तर की सुविधाएं होना चाहिए, इस महाविद्यालय में नहीं हैं। कल रक्षा बंधन होने की वजह से अधिकांश विद्यार्थी अपने घर चले गए हैं। अत: 2 सितम्बर के बाद खुरई के मंत्री निवास पर संवाद का वृहद आयोजन किया जाएगा। छात्र-छात्राओं से संवाद के दौरान मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष, प्राचार्य और शिक्षक 15 सितम्बर तक छात्र-छात्राओं के लिए उनकी पसंद अनुसार ड्रेस कोड लागू करेंगे। क्योंकि यह मांग छात्र-छात्राओं की तरफ से आई है। उन्होंने महाविद्यालय आने जाने के लिए दो बसों की स्वीकृति देते हुए कहा कि यह सब सेवा नि:शुल्क रहेगी, जिसे हरी झंडी दिखाने के लिए मैं स्वयं आऊंगा। मंत्री श्री सिंह ने पुस्तकालय में किताबों के लिए 10 लाख की स्वीकृति देते हुए कहा कि किताबों के लिए 5 लाख रूपए की व्यवस्था कॉलेज प्रबंधन करेगा। नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए कि कॉलेज में बैडमिंटन हॉल, रनिंग ट्रेक, ग्राउण्ड सुधार के कार्य मैंने आज स्वीकृत किये हैं। यह कार्य 30 अक्टूबर तक पूरे किये जावें। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिये कि परिसर में एक हफ्ते में नलकूप और वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जावे। कॉलेज परिसर में 10 सितम्बर तक फ्री वाई.फाई सेवा शुरू करने के निर्देश भी दिये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि वे खुरई को शिक्षा का हब बनाना चाहते हैं। इस दिशा में लगातार काम चल रहा है। जमीनें भी आरक्षित कर ली गई हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। स्कूल के साथ कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए खुरई विधानसभा क्षेत्र का विकास विषय पर निंबध प्रतियोगिता कराई जावेगी। जिसमें प्रथम आने वाले को 21 हजार राशि से सम्मानित किया जाएगा।

## बाबा महाकाल नगर भ्रमण पर निकले, चंद्रमौलेश्वर रूप में दिया भक्तों को दर्शन



**बांदरी, देशबन्धु।** बांदरी से 3 किलोमीटर दूर स्थित धार्मिक स्थल खेजरा धाम में सावन के अंतिम सोमवार पर सुबह से ही श्रद्धालु बाबा महाकाल की आराधना में लगे रहे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकाल का आशीर्वाद लिया। वहीं रात 8.30 बजे बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में नगर भ्रमण पर निकले और अपने भक्तों को आशीर्वाद दिया खेजरा धाम में सावन के अंतिम सोमवार पर भगवान श्री महाकालेश्वर पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर स्वरूप में विराजित होकर अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले। सवारी के निकलने के पूर्व धाम में सर्वप्रथम भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर का पूजन.अर्चन किया गया। इसके पश्चात भगवान की आरती की गई पूजन अर्चन पुजारी पं. हिमांशु तिवारी द्वारा संपन्न कराया गया। सवारी के निकलने के पूर्व श्री महाकाल मंदिर धाम में सेवा दे रहे महेश नारायण तिवारी, आदित्य तिवारी, उदित तिवारी, संस्कार मुड़ोतिया, बंटी राजपूत आदि ने भगवान श्री बाबा महाकाल का पूजन अर्चन किया और आरती में सम्मिलित हुए। जगह जगह पर खड़े श्रद्धालुओं ने जय श्री महाकाल के घोष के साथ भगवान बाबा महाकाल पर पुष्पवर्षा की। भगवान की सवारी के दौरान पूरी नगरी शिवमय हो गई। बाबा महाकाल की सवारी में भक्त झांझ, मंजीरे, डमरू, ढोल बजाते हुए महाकाल की आराधना करते हुए पालकी के साथ चल रहे थे। सवारी नगर भ्रमण करते हुए महाकाल मंदिर पहुंची और पूजन आरती पश्चात सवारी का विश्राम हुआ।

## 110 किलोमीटर पैदल चलकर एक दर्जन कावडिया पहुंचे जैसीनगर

**जैसीनगर, देशबन्धु।** एक दर्जन कवडिया 24 अगस्त को पैदल कावड़ यात्रा लेकर बरमान गए थे जहां बरमान पहुंचकर मां नर्मदा जी की पूजा अर्चना कर नर्मदा जल लेकर पैदल 110 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर सोमवार शाम को जैसीनगर पहुंचे, नगर के लोगों ने गाजे बाजे अखाड़े और पुष्प वर्षा कर सभी कावड़ियों का स्वागत किया इसके बाद सभी कावड़िया बड़े महादेव मंदिर पहुंचे जहां भगवान भोलेनाथ का नर्मदा जल से जल अभिषेक कर नगर की सुख समृद्धि की कामना की। बड़े महादेव मंदिर का नव निर्माण कार्य होने के बाद आज ही भगवान भोलेनाथ अपने परिवार के साथ गर्भग्रह में विराजमान हुए हैं और संयोग भी ऐसा बना कि आज ही के दिन सभी कावड़िया मां नर्मदा जल लेकर जैसीनगर पहुंचे और मां नर्मदा जल से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान पूरा जैसीनगर बम बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

## जेसीबी से टकराई यात्री बस, ड्राइवर सहित 5 यात्री हुए घायल

**बीना, देशबन्धु।** आगासौद रोड डबल फाटक के पास बीती रात सिरोंज से बीना की ओर आ रही एक यात्री बस जेसीबी से टकरा गई। जिसमें ड्राइवर और पांच अन्य यात्री घायल हो गए है। घटना के दौरान विधायक महेश राय उसी रास्ते से गुजर रहे थे। जिन्होंने घटना में घायल हुए दो लोगों को अपने वाहन से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी अनुसार बस क्रमांक एमपी 40 पी 0133 जो सिरोंज से बीना की ओर आ रही थी। तभी आगासौद रोड स्थित डबल फाटक के पास सामने से आ रही जेसीबी से बस टकरा गई। घटना में बस ड्राइवर जावेद पिता सरदार खान 27 निवासी सिरोंज गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं राजेश पिता नाथू चौहान 35, जीवन सिंह पिता मंगल सिंह आदिवासी 25, सोनू पिता नारायण कुशवाहा 25, परमानंद पिता करण सिंह अहिरवार 35, कुलदीप पिता लालू सिंह राजपूत घायल हो गए घटना के दौरान विधायक महेश राय उसी रास्ते से गुजर रहे थे। जिन्होंने घटना में घायल हुए दो लोगों को अपने वाहन से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए हैं।

## ईश्वर के दिए हुए अनमोल उपहार है हमारे माता-पिता : केशव गिरी



**मकरोनिया, देशबन्धु।** पवित्र श्रावण माह के अवसर पर ग्राम केरबना में हो रहे तीन दिवसीय श्री शिव महापुराण सत्संग एवं अशंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण के तृतीय दिवस की श्रृंखला में प्रात: से ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने वाले भक्तों का ताता लगा रहा पूरा प्रांगण शिव भक्तों से खचाखच भर गया। असंख्य पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण दोपहर 12 बजे तक चलता रहा, केशव गिरी महाराज ने श्री शिव महापुराण की कथा सुनाते हुए कहा कि मनुष्य जीवन में पुत्र का कर्तव्य होता है। माता-पिता की सेवा करना माता-पिता का पूरा ध्यान रखना लेकिन वही पुत्र जब बड़ा हो जाता है और अपने पैरों पर खड़ा हो जाता है तो माता-पिता को वृद्ध आश्रम का रास्ता दिखाने लग जाता है, मृत्यु लोक में भगवान राम भी यदि जन्म लेकर आते हैं तो अपने माता-पिता और गुरू को सर्व प्रथम प्रात: उनके श्री चरणों में नमन करते हैं हमको यह संदेश प्रदान किया गया है, क्योंकि शास्त्र कहते हैं कि भगवान श्री राम ने जो किया है वही करना चाहिए और भगवान श्री कृष्ण ने जो गीता में उपदेश दिया है हमें वही करना चाहिए इस के विपरीत मत चलो यही हमारे जीवन का मूल मंत्र है। इस अवसर पर विधायक प्रदीप लारिया, सुरेंद्र सुहाने, पं राजा रिछारिया, निकेश गुप्ता, दीपेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे। आभार देवेंद्र सिंह ठाकुर ने व्यक्त किया एवं अभिषेक गौर ने आगामी पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्र महायज्ञ की जानकारियां सभी भक्तों को प्रदान की।

## महाविद्यालय के प्राचार्य और बाबू को सजा

**सागर, देशबन्धु।** ग्रंथपाल से अनुपतस्थिति अवधि के वेतन के एवज में रिश्वत लेने वाले शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य और बाबू को अदालत ने सजा सुनाई है। प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश आलोक मिश्रा की कोर्ट में हुई। न्यायालय ने मामले में सुनवाई करते हुए शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य अभियुक्त डॉ. अभिताभ दुबे को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं सहआरोपी बाबू संदीप पाठक को 3 वर्ष के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा से दंडित किया है। शासन की ओर से प्रकरण में पैरवी प्रभारी उपसंचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद कुर्मी ने की। अभियोजन के मीडिया प्रभारी ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय केसली में ग्रंथपाल के पद पर पदस्थ आवेदिका डॉ. साधना अवस्थी ने 17 मई 2016 को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य आरोपी डॉ. अमिताभ दुबे महाविद्यालय में उनकी उपस्थिति के बावजूद हाजिरी रजिस्टर में अनुपस्थिति दर्ज कर अनुपस्थिति को उपस्थिति दर्शाकर राशि स्वयं ले लेते हैं। इसी क्रम में माह मार्च व अप्रैल 2016 के 17 कार्य दिवस की अनुपस्थिति को उपस्थिति बताकर प्राचार्य आरोपी डॉ. अमिताभ दुबे ने आहरण की थी। साथ ही उससे अनुपस्थिति के दिनों के वेतन की राशि 10200 रुपए रिश्वत के तौर पर मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता रिश्वत की राशि नहीं देना चाहती थी। शिकायत मिलते ही लोकायुक्त ने जांच शुरू की। जांच में शिकायत सही पाई गई। जिसके बाद लोकायुक्त की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्राचार्य अभिताभ दुबे और बाबू को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। टीम महाविद्यालय में पहुंची तो कार्यालय में सहआरोपी संदीप पाठक कुर्सी पर बैठा था। जिसे घेरे में लिया गया। उपपुलिस अधीक्षक केके अग्रवाल ने अपना व ट्रैप दल का परिचय दिया और सह आरोपी संदीप पाठक से रिश्वत राशि के संबंध में पूछा, तो उसने कहा कि आवेदिका से आरोपी डॉ. अमिताभ दुबे के लिए रिश्वत की राशि प्राप्त कर अपनी पेंट की जेब में रखी है। जिसके बाद कार्रवाई कर लोकायुक्त ने प्राचार्य और बाबू के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जांच पूरी होने पर न्यायालय में चालान पेश किया। कोर्ट ने प्रकरण में सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने शासकीय महाविद्यालय के आरोपी प्राचार्य और बाबू को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

## विधायक यादव के नेतृत्व में 6 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**देवरी कलां, देशबन्धु।** सरकारी एजेंसियां मप्र की हो या देश की एजेंसियां हो, सब का सर्वे आ रहे है कि अबकी बार कमलनाथ की सरकार प्रदेश में बनेगी। यह बात विधायक हर्ष यादव ने धरना प्रदर्शन के दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि एक देश का गृहमंत्री देश मणिपुर, हरियाणा नूह, उत्तर प्रदेश दौरा ना करके मप्र मे डेरा जमाये बैठे हैं। वह महीने में चार बार मप्र आ चुके हैं और किसी को कानो कान खबर भी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पहले नमक बराबर भ्रष्टाचार होता था अब यह आलम है कि आटे की बराबर भ्रष्टाचार हो रहा है और नमक बराबर शिष्टाचार हो रहा है। भ्रष्टाचार प्रदेश की छाप बन चुकी है, सर्वाधिक भ्रष्टाचार मप्र में है। भाजपा के नेताओं के पास अकुत संपत्ति जुटी है। इसकी जांच होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 9 वर्ष के मोदी के कार्यकाल में इतिहास गवाह है कि किसी भी भाजपा के नेताओं के यहां ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का छापा नहीं पड़ा है, छापा पड़ा है तो वह कांग्रेस एवं अन्य दलों के नेताओं पर। मोदी जी के पास ऐसी वाशिंग मशीन है कितना भी भ्रष्टाचारी हो वह वाशिंग मशीन से निकलता है तो साफ सुथरा हो जाता है। मप्र भ्रष्टाचार और बलात्कार मामले में नंबर वन हो गया है। कमलनाथ की डेढ़ साल की सरकार में जो वचन पत्र कांग्रेस ने बनाया था उसी की नकल शिवराज सिंह कर रहे हैं। उन्होंने सागर जिले के खुरई में हुई गुंडागर्दी और हत्या की घटना की निंदा करते हुए कहा कि सागर जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है और गुंडाराज कायम हो गया है। सट्टा जुआ और अवैध शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है। धरना प्रदर्शन को कांग्रेसी नेता संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की। इसके बाद 6 सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक हर्ष यादव के नेतृत्व में एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार देवरी प्रीति रानी चौरसिया को सौंपा। जिसमें खुरई में हुई दलित युवक की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए की सहायता राशि देने एवं प्रदेश सहित देवरी क्षेत्र में सट्टा जुआ और अवैध शराब का कारोबार बंद करने की मांग की गई।

## मेजर ध्यानचंद्र का जन्म दिवस खेल महोत्सव के रूप में मनाया



**सागर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद्र के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में खेल और युवा कल्याण विभाग, खेल परिसर के मैदान में हर्ष उल्लास के साथ खेल सप्ताह के रूप में खेल दिवस को खेल महोत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर दीपक आर्य और जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा द्वारा मेजर ध्यानचंद्र के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। खेल अधिकारी प्रदीप अबिद्रा द्वारा खेल सप्ताह के रूप में 21 से 29 अगस्त तक आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों की जानकारी दी। पीसी शर्मा द्वारा खेल दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों एवं शहर के युवाओ के द्वारा निकाली जाने वाली मतदाता रैली की जानकारी दी गई। इसके पश्चात कलेक्टर द्वारा खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुऐ उनके चरणों में पुष्प अर्पण कर खेल दिवस के इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों, शिक्षकों एवं युवाओं को अपनी शुभकामनाऐं दी। साथ ही उन्होंने युवाओं से अपील की, मेजर ध्यानचंद से हमें एक उत्कृष्ट खिलाड़ी होने की और उससे भी बड़े देशभक्त होने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर 21 से 29 अगस्त तक चली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल ट्राफी से पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन मंगल सिंह यादव द्वारा किया गया।

## रक्षाबंधन पर्व पर भाई ने दिया बहन को उपहार



**देवरीकलां, देशबन्धु।** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए देवरी समाजसेवी संदीप जैन बबलू सिनेमा वालों ने ग्राम नंदना की महिलाओं से राखी बंधवाकर उन्हें बहिन बनाया एवं उपहार स्वरूप उपस्थित ग्राम की समस्त बहनों को साड़ी भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समाजसेवी बबलू जैन का कहना है कि मुख्यमंत्री की लाडली लक्ष्मी योजना से प्रेरित होकर उन्होंने देवरी विधानसभा क्षेत्र की 10,000 महिलाओं को अपनी बहन बनाने का संकल्प लिया है, अभी तक लगभग 5500 महिलाओं को अपनी बहन बना चुके हैं। इस अवसर पर बडी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय बेबीनार आयोजित



**मालथौन, देशबन्धु।** शास. महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय बेबीनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की क्रियान्वयन की चुनौतियां जिसमें रोजगार मूलक शिक्षा को चुनने के अवसर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को कैसे बढावा दिया जा सके, इसमें क्या क्या बाधाये आयेगी, इनके क्या समाधान है आदि पर चर्चा की गई। जिसके मुख्य संरक्षण डॉ. जीपी चौधरी अतिरिक्त संचालक सागर संभाग संरक्षक डॉ. संजीव दुबे प्राचार्य कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर रहे। इन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियो को अपनी रुचि के अनुसार विषय लेने की स्वतंत्रता के साथ व्यवसायिक योग्यता को पहचानने के बारे में बताया। इस बेबीनार में दो मुख्य वक्ता प्रो. तेजबहादुर सिंह विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र काशी विद्यापीठ वाराणसी उप्र ने शिक्षक, प्रशिक्षण प्रणाली में सुधार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की कमियों को दूर किया गया है आदि पर महत्वपूर्ण चर्चा की वही दूसरे वक्ता डॉ. विमल कुमार लहरी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र वाराणसी हिन्दू विवि वाराणसी उप्र ने लार्ड मैकाले की शिक्षा प्रणाली, हमारे देश के कालेज शिक्षा के आधार स्तम्भ है, मात्र भाषा वैकल्पिक, बहुविषयक शिक्षकों के पलायन को रोकना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सलाहकार समिति डॉ. राजेश जैन, डॉ. नीरज दुबे, डॉ. भावना यादव ओएसडी संचालक कार्यालय सागर ने सहयोग प्रदान किया। अतिथियों का स्वागत शास. महाविद्यालय मालथौन के प्रभारी प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र सिंह ठाकुर ने किया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने अनुभव के बारे में जानकारी दी।

# कांग्रेस ने बरोदिया नौनागिर की घटना के विरोध में किया विरोध प्रदर्शन

### राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर कठोर कार्यवाही की उठाई मांग



**सागर, देशबन्धु।** जिले की खुरई विधानसभा के बरोदिया नौनागिर ग्राम में अनुसूचित जाति वर्ग के युवक की पीट-पीट कर की गई हत्या व उसकी मां को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना के विरोध में कांग्रेसजनों ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी की अगवाई में मकरोनिया चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित मांगों का ज्ञापन सौंपकर घटना के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा पीड़ितों की मांग अनुसार कार्यवाही करने की पुरजोर मांग उठाई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि जिलें की खुरई विधान सभा क्षेत्र के बरोदिया नौनागिर ग्राम में अनुसूचित जाति वर्ग के स्व. नितिन अहिरवार की पीट-पीट कर हत्या कर उसकी मां को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना से सागर जिला ही नहीं संपूर्ण मप्र शर्मसार हुआ है। घटना के कई आरोपी आज दिनांक तक फरार है। प्रदर्शन को देवेन्द्र कुर्मी, सुरेन्द्र सिंह चावड़ा, आरआर पारासर, अभिषेक गौर, कलू गोविन्द पटैल, जितेन्द्र खटीक, सतेन्द्र दुबे, राजा बुन्देला आदि ने संबोधित कर घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने वालों में राकेश राय, प्रेमनारायण चौबे, इन्द्र भूषण तिवारी, प्रहलाद पटेल आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

## कांग्रेस ने किया हनुमान चालीसा का पाठ और सद्बुद्धि यज्ञ-हवन



**सागर, देशबन्धु।** सिमरिया में हनुमान मंदिर बनाने को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बोले गए झूठ के खिलाफ कांग्रेस पार्टी पूरे मप्र में सुंदरकांड सद्बुद्धि यज्ञ और अन्य धार्मिक आयोजन कर रही है इसी तारतम्य में मकरोनिया मे हनुमान चालीसा पाठ और सद्बुद्धि यज्ञ हवन किया गया। संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर ने बताया कि कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में श्री भगवान हनुमान जी की 101 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा का निर्माण कराया था। इस अवसर पर जगतगुरु शंकराचार्य सहित देश के सभी प्रतिष्ठित साधु संत उपस्थित थे। कमलनाथ कभी अपने मुंह से मंदिर निर्माण की बात नहीं करते क्योंकि भगवान का कोई भी सच्चा भक्त कभी इस तरह की बातें नहीं करता। यह भगवान का आशीर्वाद है कि कमलनाथ को भगवान के महान विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। लेकिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिस तरह से एक सार्वजनिक इंटरव्यू में कह दिया कि कमलनाथ ने हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना नहीं कराई है, ऐसे में प्रदेश की जनता को सत्य बताना और शिवराज सिंह चौहान की सद्बुद्धि के लिए हवन एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र सुहाने, लोकेश तिवारी, देवेन्द्र कुर्मी, चंदन सुहाने, रिन्कू मासाब, दुर्गा प्रसाद, कैलाश रजक, अनिल लोधी सहित बडी संख्या मे कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### कलेक्टर ने जिला अस्पताल के पार्क का किया औचक निरीक्षण



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. ने मंगलवार को जिला अस्पताल में स्थित पार्क का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री जी.आर. ने सिविल सर्जन को पार्क को मेंटेन करने के निर्देश देते हुए कहा पार्क की बेहतर तरीके से नियमित देखभाल की जाए। साथ ही पार्क मरीजों के लिए प्रतिदिन ओपन रहे। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को इसका लाभ मिल सके।

### नन्हे मुन्ने बच्चों ने आकर्षक राखियां की तैयार

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** नगर के ओरिजिन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए सुंदर एवं आकर्षक राखियां तैयार कीं। वहीं एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने आपस में राखी बांधते हुए भाई-बहन के चित्र बनाए। स्कूल की प्रिंसिपल रुचि दीक्षित ने बताया कि प्रधानमंत्री की स्किल इंडिया योजना को प्रोत्साहन देते हुए आयोजित किए गए इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को रक्षाबंधन के पर्व से अवगत कराना और इसका महत्व बताना था। स्कूल के डायरेक्टर आशा चतुर्वेदी ने बताया कि बच्चों द्वारा बनाई गई राखियां उनके अभिभावकों सहित अन्य नागरिकों में विक्रय हेतु उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन होगा।

### महिला को सांप ने काटा, इलाज जारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर में बीती रात एक महिला को सोते वक्त जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन पहले महिला को झाड़-फूंक के लिए ले गए थे लेकिन जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो महिला को जिला अस्पताल लाए। जैतपुर निवासी बड्डु सेन ने बताया कि उसकी भाभी गीता सेन बीती रात अपने घर में सो रही थी तभी एक जहरीले सांप ने उसके चेहरे पर डस लिया। गीता के चीखने की आवाज सुनकर परिजन जागे और तुरंत महिला को झाडफूंक के लिए पास के गांव ले गए। झाडफूंक से जब गीता को आराम नहीं मिला तो इसके बाद परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। फिलहाल गीता का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# सड़क न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित



**छतरपुर, देशबन्धु।** बड़ामलहरा विधानसभा के ग्राम रानीखेरा, सूरजपुरा खुर्द और ग्राम देवरान से मंगलवार को जनसुनवाई में आए ग्रामीणों ने बताया कि उनका गांव क्षेत्रीय विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार है, आज भी उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

मुख्य मार्ग से गांव तक करीब 3 किलोमीटर मार्ग न होने के कारण आवागमन में उन्हें भारी परेशानी होती है।

ग्रामीण लखन लाल चतुर्वेदी ने बताया कि इस मार्ग पर एक नदी है जिस पर पुल नहीं है। बारिश के दिनों में नदी को ग्रामीण पार नहीं कर पाते। सडक़ न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। इसके अलावा विपरीत परिस्थिति में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड जैसे वाहन भी गांव नहीं पहुंच पाते। ग्रामीणों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि चुनाव के वक्त गांव में आते हैं और चुनाव होने के बाद ग्रामीणों की सुध नहीं लेते। जनसुनवाई में आवेदन देकर ग्रामीणों ने कहा है कि यदि चुनाव से पहले उनके गांव में सडक़ नहीं बनी तो मजबूरन उन्हें चुनाव का बहिष्कार करना पड़ेगा।

## फर्जी अंकसूची अदालत में की पेश

- नाबालिग होने पर मिली जमानत



**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले दिनों बड़ामलहरा में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई करने वाले एक लडक़ी ने एक युवक से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में लडक़ी के परिजनों ने बड़ामलहरा थाने में शिकायत की थी जिसके बाद पुलिस ने युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जांच में आरोपी युवक के परिजनों द्वारा पुलिस को फर्जी अंकसूची दिखाई गई जिसके अनुसार युवक नाबालिग था और इसका फायदा उठाकर आरोपी को बाल न्यायालय से जमानत मिल गई है, जबकि वास्तव में आरोपी घटना दिनांक को पूर्ण रूप से बालिग था। एसपी को आवेदन देकर परिजनों ने मामले की जांच कराने और न्याय की गुहार लगाई है।

अधिवक्ता रवि पांडे ने बताया है कि टीकमगढ़ जिले के कुड़ीला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सैपुरा निवासी यादव परिवार की लडक़ी बड़ामलहरा में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती थी। इसी दौरान सैपुरा गांव के ही रविन्द्र यादव द्वारा उसे लगातार परेशान किया गया जिससे तंग आकर लडक़ी ने आत्महत्या कर ली। लडक़ी के परिजनों ने बड़ामलहरा थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई जिसकी जांच बड़ामलहरा एसडीओपी ने की।

जांच के दौरान रविन्द्र के परिजनों ने पुलिस के समक्ष फर्जी अंकसूची प्रस्तुत की जिसमें लिखी जन्मतिथि के अनुसार रविन्द्र नाबालिग था। इसी आधार पर पुलिस ने रविन्द्र को बाल न्यायालय में पेश किया और इसके बाद यहीं से रविन्द्र को जमानत भी मिल गई।

वहीं दूसरी ओर जब लडक़ी के परिजनों ने विद्यालय से जानकारी जुटाई तो ज्ञात हुआ कि घटना दिनांक को रविन्द्र पूर्ण रूप से बालिग था और परिजनों ने जो अंकसूची पुलिस को दी है वह फर्जी है। एसपी को आवेदन देकर लडक़ी के परिजनों ने मामले की दोबारा जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्यवाही कराए जाने की मांग की है।

## भाई बहन का पवित्र त्यौहार आज



**छतरपुर, देशबन्धु।** इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व बुधवार को रात 9 बजे के बाद से मनाया जाएगा। श्रावण मास की पूर्णिमा को यह पर्व मनाया जाता है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे से पूर्णिमा तिथि शुरू हो जाएगी लेकिन भद्राकाल होने के कारण राखी नहीं बंधेगी।

पं. सौरभ तिवारी ने बताया कि पूर्णिमा सुबह 10 बजे के बाद आती है लेकिन इस समय भद्राकाल होने के कारण राखी का निषेद रहेगा। उन्होंने बताया कि भद्राकाल में रावण ने राखी बंधवायी थी जिसका परिणाम सब जानते हैं इसलिए भद्राकाल में भाई-बहिन के पवित्र प्रेम के त्यौहार रक्षाबंधन को नहीं मनाया जाता। भद्राकाल रात 9 बजे समाप्त हो जाएगा इसके बाद राखी बांधना शुभ होगा। पं. उमेशचन्द्र द्विवेदी वैदिक जी ने बताया कि 31 अगस्त गुरूवार को सुबह पौने 8 बजे तक रक्षाबंधन का पर्व मनाने से मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**बाजार रहे गुलजार, खूब बिकी राखी** : भाई-बहिन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन को लेकर दुकानों में जमकर खरीददारी हुई। त्यौहार आते ही राखी की दुकानों में भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। इसके अलावा साडिय़ों सहित अन्य कपड़े की दुकानों तथा खिलौनों की दुकानों में न केवल भीड़ देखी गई बल्कि जमकर खरीददारी हुई। उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन के पर्व पर नए विवाह वालों के यहां सावनी ले जाने की भी प्रथा है। हालांकि यह प्रथा धीरे-धीरे कम हो रही है मगर लडक़ा पक्ष की ओर से लडक़ी पक्ष के यहां विभिन्न सामग्री लेकर जाया जाता है।

## खोये मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे





**छतरपुर, देशबन्धु।** कई महीनों पहले खोये लगभग 151 मोबाइल खोजकर पुलिस ने राखी के एक दिन पहले पुलिस कंट्रोल रूम में उनके मूल मालिकों को बुलाकर सम्मानपूर्वक लौटाया। कार्यक्रम में एसपी अमित सांघी, एएसपी विक्रम सिंह सहित साइबर पुलिस की पूरी टीम मौजूद रही। खोया हुआ मोबाइल पाकर कई लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गयी। जिन लड़कियों के मोबाइल पुलिस ने लौटाए उन्होंने तो एसपी सहित अन्य पुलिसकर्मियों को राखी बांधी।

एसपी अमित सांघी ने कहा कि छतरपुर पुलिस लगातार गुम हुए मोबाइल को खोजने के लिए थाना पुलिस से लेकर साइबर पुलिस नेटवर्क तक हर स्तर पर काम कर रही है। पिछले दिनों भी छतरपुर पुलिस गुम हुए मोबाइल को खोजकर लोगों को लौटा चुकी है। इस बार भी हमने ऐसा ही किया।

छतरपुर पुलिस ने लगभग 151 मोबाइल जिनकी कीमत 25 से 30 लाख रूपए थी इन्हें खोजकर इनके मूल मालिकों को लौटा दिया। इनमें से कई लोग ऐसे थे जिन्होंने अपने मोबाइल लोन पर ले रखे थे वे अभी तक इन मोबाइल का पैसा चुका रहे थे उन सभी को हमने मोबाइल लौटाए तो ऐसे लोग भावुक हो गए। मोबाइल मिलने के बाद कई लोगों ने पुलिस के सामने ही अपनी खुशी व्यक्त कर दी। खोये हुए मोबाइल के मालिकों में से लगभग 15 लड़कियां और महिलाएं थीं।

मोबाइल लेने आयीं इन लड़कियों ने पुलिस अधीक्षक अमित सांघी एवं साईबर टीम को राखी बांधकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए मिठाई भी खिलाई। इस मौके पर एक लडक़ी नेहा द्विवेदी ने कहा कि हमें विश्वास नहीं था कि एक साल पहले खोया हुआ हमारा मोबाइल वापस मिल पाएगा। लेकिन छतरपुर पुलिस ने यह काम कर दिखाया। हम छतरपुर पुलिस के आभारी हैं।

### समिति में सदस्यता न मिलने से छिना मछुआरों का रोजगार

**छतरपुर, देशबन्धु।** नौगांव जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सहानियां के सूंड़ा मजरा से मंगलवार को जनसुनवाई में आए रैकवार परिवारों (मछुआरों) ने कलेक्टर से मत्स्य उद्योग सहकारी समिति मर्यादित जगत सागर में सदस्यता दिलाने की मांग की है। ग्रामीण अर्जुन रैकवार ने बताया कि उनका मुख्य व्ययवास मत्स्य पालन है। चूंकि उनके कार्यक्षेत्र में आने वाला जगत सागर तालाब ग्राम पंचायत मऊ की मत्स्य उद्योग सहकारी समिति मर्यादित जगत सागर के नाम पंजीकृत है जिस कारण से वे तालाब में मत्स्य पालन नहीं कर पा रहे हैं। उक्त सभी परिवार, समिति के अध्यक्ष से उनके नाम जोडऩे का आग्रह कर चुके हैं लेकिन अध्यक्ष उन्हें सदस्यता देने के लिए तैयार नहीं है, ऐसे में परिवारों के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

## चयनित अभ्यर्थियों की मांगों का विधायक ने किया समर्थन

- मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किया मांगों का निराकरण कराने का आग्रह

**छतरपुर, देशबन्धु।** संयुक्त भर्ती परीक्षा 2022 में मध्यप्रदेश के चयनित सब इंजीनियर्स लम्बे समय से न्याय की आश में आंदोलन कर रहे हैं। पिछले दिनों चयनित सब इंजीनियर्स ने भोपाल में युवा हल्ला बोल के बैनर तले पढ़ाई सत्याग्रह किया था और युवा हल्ला बोल के प्रदेशाध्यक्ष अरुणोदय सिंह परमार के साथ आमरण अनशन पर बैठे थे लेकिन अभी भी उनकी मांगों का निराकरण नहीं हुआ है। अपने हक की लड़ाई लड़ रहे उक्त चयनित सब इंजीनियर्स की मांगों का छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने समर्थन किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अभ्यर्थियों की मांगों का निराकरण कराने का आग्रह किया है।

विधायक अलोक चतुर्वेदी ने बताया कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (व्यापमं) द्वारा नवंबर 2022 को करवाई गई संयुक्त भर्ती परीक्षा में सब इंजीनियर के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को सामान्य प्रशासन विभाग ने 26 जून 2023 को एक आदेश जारी कर होल्ड कर दिया है, जबकि होल्ड किये गए मेरिटधारी अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन भी करवा लिया गया था। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय इन अभ्यर्थियों से अन्य जॉब से त्यागपत्र भी मांगा गया था, जिसके चलते उनके पास पहले वाली नौकरी भी नहीं बची है।

विधायक श्री चतुर्वेदी ने कहा है कि संयुक्त भर्ती परीक्षा 2022 में कम नंबर वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे दी गयी है जबकि ज्यादा नम्बर वाले अभ्यर्थियों को होल्ड कर दिया गया है, यह प्रतिभाओं का अपमान है। वहीं जिले के चयनित अभ्यर्थियों का कहना है कि कम अंक वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति उनके साथ अन्याय है, इसलिए उन्हें जल्द से जल्द नियुक्ति दी जानी चाहिए।

## सहकारिता कर्मचारियों की कलमबंद जारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग को लेकर म.प्र. संयुक्त सहकारी समिति (पेक्स) कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सहकारिता कर्मचारियों की कलमबंद हड़ताल पिछले कई दिनों से जारी है। आंदोलनकारियों ने पूर्व में प्रशासन से 29 अगस्त तक पंडाल लगाने की अनुमति ली थी लेकिन अभी तक सहकारिता कर्मचारियों की मांगों का निराकरण नहीं हुआ है इसलिए कर्मचारियों ने मंगलवार को जिला प्रशासन से पंडाल लगाए रखने की अनुमति मांगी लेकिन प्रशासन ने अनुमति देने से इंकार कर दिया, जिसके बाद कर्मचारियों ने अपने कार्यालयों में कलमबंद हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया है।

महासंघ के जिलाध्यक्ष रामकुमार अवस्थी ने बताया कि यह प्रदेश व्यापी हड़ताल सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में की जा रही है। उन्होंने बताया कि 3 वर्ष पूर्व जब कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया तथा तब सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का निराकरण करने का भरोसा दिया था लेकिन आज तक उनकी एक भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया है, जो कि प्रदेश के 55 हजार कर्मचारियों के साथ धोखा है। कर्मचारियों का कहना है जब तक सरकार उनकी सभी मांगों को पूरा नहीं करती तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

मंगलवार को प्रशासन की ओर से प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे एसडीएम बलवीर रमण को प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन देकर अवगत कराया है कि आज से वे अपने-अपने कार्यालयों में कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सहकारिता कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से ऋण वितरण, वसूली, खाद-बीज वितरण, फसल बीमा एवं उचित मूल्य की दुकानें, खाद्यान्न वितरण आदि कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## प्रबंधन को 2 व्हीलचेयर एवं 2 स्ट्रेचर सौंपे



**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को स्व. जयप्रकाश ताम्रकार स्मृति जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने स्व. जयप्रकाश ताम्रकार की 8वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अस्पताल प्रबंधन को दो व्हीलचेयर एवं दो स्ट्रेचर दान किए। इस मौके पर जिला अस्पताल में एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर संदीप जीआर, सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार सहित वरिष्ठ अधिवक्ता नारायण काले सहित संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जीआर ने कहा कि हम जब ये दुनिया छोडक़र जाते हैं तब अपने साथ कुछ नहीं ले जाते, सब कुछ यहीं रह जाता है लेकिन हमारे द्वारा किए गए काम दुनिया छोडऩे के बाद भी हमें इस दुनिया में जीवित रखते हैं। उन्होंने कहा कि दिन भर में वह समय सबसे कीमती होता है जो समाज की सेवा में गुजरे। सेवा करने वालों को हमेशा मान-सम्मान मिलता है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को दान देने वाली सामाजिक संस्था के प्रति भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यापारी नेता लालचन्द्र लालवानी, अभिषेक ताम्रकार, सुरेन्द्र अग्रवाल, रमेश वर्मा, दीपेन्द्र सिंह बुन्देला, शंकरलाल सोनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## निर्दलीय और कांग्रेस पार्षद हुए एकजुट, गड़बड़ी का लगाया आरोप



**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजपुर नगर पालिका के कांग्रेसी और निर्दलीय पार्षदों ने मंगलवार को एकजुट होकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें निकाय प्रशासन पर भ्रष्टाचार, तानाशाही और सौतेला व्यवहार करने के आरोप लगाए हैं। कलेक्टर को आवेदन देकर पार्षदों ने 10 दिवस में कार्यवाही करने की मांग की है और यह चेतावनी दी है कि यदि कार्यवाही नहीं होगी तो पार्षद आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि नगर पालिका परिषद महाराजपुर की अध्यक्ष सपना महादेव खटीक, इंजीनियर महेश असाटी द्वारा भ्रष्टाचार करते हुए तानाशाही से निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। पार्षदों का यह भी आरोप है कि चूंकि अध्यक्ष भाजपा की हैं इसलिए निकाय के निर्दलीय और कांग्रेसी पार्षदों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

ज्ञापन सौंपने आए पार्षदों ने कहा कि घटिया निर्माण की शिकायत अगर सीएमओ और इंजीनियर से की जाए तो वे इस पर कार्यवाही नहीं करते। निर्माण कार्यों के लिए की जा रही खरीदी की जानकारी हासिल करने आरटीआई लगाई जाती है तो उसका जवाब नहीं दिया जाता, उल्टा इंजीनियर द्वारा धमकियां दी जाती हैं। पार्षदों का कहना है कि नई परिषद का गठन होने के बाद से अभी तक मात्र तीन बैठकें हुई हैं, जो कि नियमानुसार गलत हैं।

### भंडारे के साथ विधायक के शिवार्चन कार्यक्रम का हुआ समापन

## जटाशंकर धाम में बनकर तैयार हुए आस्था भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

*__छतरपुर, देशबन्धु।__ जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिवधाम जटाशंकर में विधायक निधि से भव्य आस्था भवन का निर्माण कराया गया है। मंगलवार को जटाशंकर में समारोह पूर्वक उक्त भवन का लोकार्पण विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने किया। इस मौके पर शिवभक्तों के अलावा लोक न्यास श्री जटाशंकर धाम ट्रस्ट के सदस्य एवं पदाधिकारी तथा भाजपा के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।*



*विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने बताया कि विगत 23 से 29 अगस्त तक क्षेत्र की सुख-समृद्धि और अच्छी बारिश को कामना को लेकर उनके द्वारा जटाशंकर धाम में शिवार्चन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिदिन शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक और हवन-पूजन का कार्यक्रम हुआ। मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ उक्त शिवार्चन कार्यक्रम का समापन हुआ और इसी अवसर पर उन्होंने 17 लाख 70 हजार रुपए की विधायक निधि जटाशंकर धाम में बनकर तैयार हो चुके भव्य आस्था भवन का लोकार्पण भी किया। भंडारे में संपूर्ण विधानसभा के लोगों सहित तमाम शिवभक्त शामिल हुए, जिन्हें विधायक ने स्वयं अपने हाथों से भोजन कराया।*

सागर, बुधवार 30 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# श्रेय चाहिये, जवाबदेही नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर अवसर और परिघटना को अपने प्रचार तंत्र का हिस्सा बनाने में महारत हासिल कर चुके हैं। मौका कोई भी हो पर नया दस्तूर उन्हीं से शुरू होता है और उन्हीं पर खत्म भी। भारत के प्रत्येक हिस्से में जो कुछ हो रहा है, उसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ मोदी को जाता है- बशर्ते कि वह कार्य कामयाबी का हो। असफलता, अधूरे कार्य, प्रारम्भ ही न हुए हों ऐसे शासकीय कामों को लेकर उनका कोई दायित्व नहीं है और न ही जवाबदेही। ऐसे सारे मामलों पर मोदी का मौन अब उनकी कार्यप्रणाली का हिस्सा बन चुका है- मणिपुर से लेकर नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में पहचान कर मुसलिमों को मारने तक। कुछ लोगों के लिये उनका हर काम अभी भी मास्टर स्ट्रोक बना हुआ है तो ज्यादातर ऊब चुके हैं। मोदी यह भी नहीं देखते कि जो काम वे कर रहे हैं वह उनके पद के स्तर एवं प्रतिष्ठा के अनुकूल है भी या नहीं, परन्तु मोदी जी हैं कि मानते ही नहीं...

सोमवार को फिर ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला जब उनके हाथों नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। खुशनसीब हैं वे 51 हजार लोग जिन्हें सीधे पीएम द्वारा काम पर रखा गया। केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, असम राइफल्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल व भारत तिब्बत सीमा पुलिस में भर्ती के ये नियुक्ति पत्र बांटे गये। मोदी पहले भी 75 हजार नियुक्ति पत्र बाकायदा समारोह आयोजित कर बांट चुके हैं। नियुक्ति पत्र बांटने से प्रचार मिलता है, श्रेय मिलता है। हालांकि अब तक नियुक्ति पत्र जारी करने का काम सम्बन्धित विभागों के अफसरों, लिपिकों और उन्हें नियुक्त हुए लोगों तक पहुंचाना डाकिये का काम हुआ करता था। नये दौर में नियुक्ति पत्र जारी करने का काम राष्ट्राध्यक्ष का हो गया है। सम्भवत: मोदी जी लोगों को यह एहसास दिलाना चाहते हैं कि उनके राज में रोजगार की कोई कमी नहीं है और थोक के भाव में लोग नियुक्त हो रहे हैं।

यह विडंबना ही है कि प्रधानमंत्री देश में रोजगार की वास्तविक स्थिति बतलाने के लिये तैयार नहीं हैं। न ही वे यह बतलाते हैं कि उन्होंने हर साल जो 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ। इस वायदे के अनुसार तो अब तक 18 करोड़ लोगों के पास रोजगार होना चाहिये था, पर आलम यह है कि करोड़ों लोग बेरोजगार हैं। शिक्षण संस्थाओं से पढ़कर निकलने वाले युवा तो धक्के खा ही रहे हैं, कोविड-19 के कारण करोड़ों लोगों की नौकरियां ही चली गयीं। लाखों ने काम की तलाश ही बन्द कर दी है। उनकी सरकार बाकायदा संसद में बतलाती है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा उसके पास नहीं है। केन्द्र की नीति और कार्यक्रम भी ऐसे हैं जिनसे रोजगार सृजित होने का सवाल ही नहीं है। नोटबन्दी और जीएसटी ने छोटे, मध्यम व घरेलू उद्योगों की कमर तोड़ दी। ये सेक्टर सर्वाधिक रोजगार देने वाले रहे हैं। फिर, निजीकरण की ओर सरकार का ऐसा झुकाव है जिसमें नवीनतम तकनीकों तथा लागत घटाने के उद्देश्य से लोगों की छंटनी आम है। रेलवे, सेना समेत कई विभागों एवं संस्थानों में वर्षों से लाखों पद खाली पड़े हैं। अनेक शासकीय कम्पनियों में इसलिये जान-बूझकर भर्तियां नहीं की जा रही हैं ताकि वे घाटे में आ जाएं और उन्हें निजी हाथों को बेच दिया जाये। नियुक्ति पत्र बांटने वाले मोदी यह कभी नहीं बताते कि देश के युवाओं की बेरोजगारी खत्म करने के लिये उनके पास क्या योजना है। यह भी नहीं बतलाते कि घोषणाओं की बजाये परिणाम कब दिखेंगे।

मोदी की यही कार्य प्रणाली सर्वत्र दिखती है। 85 करोड़ लोगों को हर माह जो 5 किलो राशन मुफ्त में मिल रहा है उसके पैकेट पर मोदी की तस्वीरें तो लगी हैं, पर असल में उसका सम्बन्ध उनसे सिर्फ इतना ही है कि वे जतलाने चाहते हैं कि यह राशन जनता को उन्हीं की कृपा से मिला है। देश में भुखमरी की ऐसी स्थिति क्यों है और गरीबों के पेट भरने के लिये उनके पास कौन सी उपाय योजनाएं हैं- इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। मनरेगा जैसी कल्याणकारी योजनाओं की हंसी उड़ाने वाले मोदी मुफ्त राशन योजना का न तो औचित्य बता रहे हैं और न ही बता सकते हैं कि विश्व भुखमरी सूचकांक की खराब रैंकिंग से देश कैसे उबरेगा।

हाल ही में ग्रीस से लौटे मोदी लौटने के बाद सीधे बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) गये जहां उन्होंने वैज्ञानिकों से मुलाकात कर बहुत भावनात्मक भाषण किया। वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण भाव का उल्लेख करते हुए उनका गला रूंध गया, आंसू छलक गये। यहां तक तो ठीक है पर उन्होंने यह नहीं बताया कि 23 अगस्त को चांद पर सफल लैंडिंग करने वाले चन्द्रयान-3 और सितम्बर के पहले सप्ताह में छोड़े जाने वाले आदित्य-1एल जैसे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बजट में 32 फीसदी की कटौती क्यों की गयी और पिछले साल के मुकाबले केन्द्र को 13200 करोड़ रुपये घटाकर क्यों दिये गये। सोशल मीडिया पर यह जो चल रहा है कि वहां के कर्मचारियों व वैज्ञानिकों को कई महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है, सच है या गलत- मोदी यह भी बताएं।

ऐसे ही, बार-बार विदेश जाने वाले मोदी का सरोकार वहां केवल अपनी व्यक्तिगत छवि चमकाना, कारोबारी मित्रों को ठेके दिलाना तथा हथियार या टेक्नालॉजी खरीदना रह गया है। उन मुल्कों में वे प्रायोजित भीड़ से मिलते हैं और इवेंट करते हैं। यह सारा कुछ मोदी को प्रचार दिलाता है लेकिन संसदीय परम्परा के अनुरूप हर यात्रा से लौटकर राष्ट्रपति से मिलने का संवैधानिक कर्तव्य निभाना उन्हें आवश्यक नहीं जान पड़ता।

# राजनीतिक घुसपैठ ने भारतीय उच्च शिक्षा को संकट में डाला

■ नन्तु बनर्जी

राज्यों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के प्रबंधन पर नियंत्रण को लेकर भाजपा शासित केंद्र और विपक्ष की सरकारों के अधीन राज्यों के बीच बढ़ते सत्ता संघर्ष से देश की उच्च शिक्षा प्रणाली की पवित्रता के बर्बाद होने का गंभीर खतरा उपस्थित हो गया है। कई विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्री और वहां केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपाल विश्वविद्यालय के कुलपतियों (वीसी) की नियुक्तियों को लेकर एक-दूसरे के विरुद्ध आमने-सामने हैं। दोनों पक्ष अपनी-अपनी पसंद के अनुसार राजनीतिक नियुक्तियां चाहते हैं।

हाल ही में, तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड और राजस्थान राज्यों में ऐसे कानून हैं जो विश्वविद्यालय के कुलपतियों की नियुक्ति पर राज्य और राज्यपाल के बीच सहमति की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

हाल ही में, राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के अंतरिम कुलपति के रूप में कई वरिष्ठ प्रोफेसरों की नियुक्ति को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस, जो कि एक पूर्व नौकरशाह हैं और 2019 में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने, के बीच मामला आमने-सामने आ गया है।

पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने प्रोफेसरों से राज्यपाल की नियुक्तियों को अस्वीकार करने का आग्रह किया, जबकि राज्य कानूनी राय मांग रहा है। प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति के रूप में भाजपा के अनुयायी प्रोफेसर बुद्धदेव साव की नवीनतम नियुक्ति ने राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच दरार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है क्योंकि बसु ने आनंद बोस पर यूजीसी के कुलपति नियुक्ति दिशानिर्देशों का बार-बार उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इसके लिए प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव आवश्यक है। बताया जाता है कि प्रो. साव मानदंडों पर पूरी तरह खरे नहीं उतरते हैं।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति के लिए तुरंत कवायद शुरू की जाए। प्रख्यात इतिहासकार प्रो. सुरंजन दास का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 1 जून से जादवपुर विश्वविद्यालय नेतृत्वविहीन चल रहा है। राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने अभी तक उनके उत्तराधिकारी के लिए एक खोज समिति का गठन नहीं किया है। विशेष रूप से उस विश्वविद्यालय के जो दुनिया के शीर्ष संस्थानों में सूचीबद्ध है। 2023 में क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जादवपुर यूनिवर्सिटी को 701-750वां और एशिया में 182वां स्थान मिला।

सामान्य परिस्थितियों में, कुछ लोग विश्वविद्यालय में अंतरिम वीसी की नियुक्ति के लिए राज्यपाल आनंद बोस को दोषी ठहरा सकते हैं, बशर्ते कि यह राज्य सरकार के परामर्श से हो और चयनित उम्मीदवार यूजीसी मानदंडों को पूरा करता हो।

> **तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है।**

पिछले साल, नवंबर में, सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले में कहा गया था कि विश्वविद्यालय के कुलपतियों को विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में 10 साल की सेवा करनी चाहिए और उनके नाम की सिफारिश एक खोज-सह-चयन समिति द्वारा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वीसी की नियुक्ति खोज-सह-चयन समिति द्वारा अनुशंसित नामों में से की जानी है।

जस्टिस एम.आर. शाह और एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा 10(3) का उल्लेख किया जिसमें प्रावधान है कि समिति को उनकी योग्यता और पात्रता के आधार पर वीसी के रूप में नियुक्ति के लिए तीन व्यक्तियों की सूची तैयार करनी चाहिए। फैसले में प्रोफेसर नरेंद्र सिंह भंडारी की चुनौती से निपटा गया, जिनकी सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के वीसी के रूप में नियुक्ति को पहले उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था। भंडारी की नियुक्ति के खिलाफ तर्क यह था कि उनके पास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में अपेक्षित 10 साल का शिक्षण अनुभव नहीं था। 2017 में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त होने तक उनके पास प्रोफेसर के रूप में केवल 8.5 वर्ष का अनुभव था। हालांकि, उन्होंने मामला बनाया कि आयोग की सेवा के दौरान वह लंबी छुट्टी पर थे और प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी रहा।

उन्हें 2020 में वीसी नियुक्त किया गया था। 'केवल इसलिए कि प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी था, यह नहीं कहा जा सकता है कि ग्रहणाधिकार की अवधि के दौरान उन्होंने पढ़ाना जारी रखा और/या उनके पास शिक्षण का अनुभव था। यहां तक कि संविधान के अनुच्छेद 319 पर विचार करते हुए भी, लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में काम करते हुए, वह किसी अन्य पद पर कोई अन्य कार्य नहीं कर सकते थे,' न्यायाधीश शाह, जिन्होंने निर्णय लिखा था, ने कहा। अदालत ने उनके इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि वह लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए पीएचडी विद्वानों की देखरेख कर रहे थे और इसे उनके शिक्षण अनुभव का हिस्सा माना जाना चाहिए। अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा, 'पीएचडी विद्वानों की देखरेख करने वाले को विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में शिक्षण अनुभव होना नहीं कहा जा सकता है।'

कुछ इसी तरह के मामले में, शीर्ष अदालत ने पहले केरल में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, तिरुवनंतपुरम के वीसी के रूप में डॉ. राजश्री एम.एस. की नियुक्ति को रद्द कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अकादमिक रूप से प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक खोज समिति द्वारा अनुशंसित नामों के पैनल से वीसी के चयन के महत्व को रेखांकित किया।

जिन लोगों ने अपना कामकाजी जीवन अकादमिक क्षेत्र में बिताया, वे विश्वविद्यालयों के कार्यात्मक प्रमुखों की गुणवत्ता के बारे में चिंतित हैं। हाल के वर्षों में, कई कुलपति खबरों में रहे हैं, हालांकि ज्यादातर गलत कारणों से। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी चंद्राकृष्णमूर्ति को 2016 में शर्मनाक तरीके से पद छोड़ना पड़ा। उनका जबरन इस्तीफा पूरी तरह से छात्रों और शिक्षकों के आंदोलन का नतीजा नहीं था, बल्कि, महत्वपूर्ण बिंदु एक उच्च-स्तरीय जांच के निष्कर्षों से आया, जिसमें उसे अकादमिक धोखाधड़ी का दोषी पाया गया: जिसमें उन पुस्तकों के बारे में दावे शामिल थे जो उसने नहीं लिखी थीं और अपने सीवी में एक काल्पनिक डी. लिट डिग्री सूचीबद्ध किया था।

इससे पहले, बंगाल में, जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति अभिजीत चक्रवर्ती को कार्यालय छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। जबकि एक छेड़छाड़ के मामले में सार्थक प्रतिक्रिया देने में उनकी विफलता ने एक जोरदार और ऊर्जावान छात्र आंदोलन को जन्म दिया, उन्होंने अपने राजनीतिक रसूख का उपयोग करके स्थानीय पुलिस द्वारा छात्रों को पिटवाकर आग में घी डालने का काम किया।

पिछले जनवरी में, दूरदर्शिता या पूर्व-दृष्टिकोण के तहत, राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति जे.पी. सिंघल ने जयपुर स्थित दो कार्यकर्ताओं द्वारा दायर याचिका प र उच्च न्यायालय द्वारा उनके भाग्य का फैसला करने से एक दिन पहले अपना इस्तीफा दे दिया। याचिकाकर्ता वीसी के शैक्षणिक मूल्य पर सवाल उठा रहे थे, जिन्होंने कार्यालय में मुश्किल से सात महीने पूरे किये थे।

भारत में विश्वविद्यालयों में राजनीतिक घुसपैठ कोई नई बात नहीं है। इसकी शुरुआत 1960 के दशक में हुई जब वामपंथी दलों और उनके छात्र संघों ने स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक सभी स्तरों पर शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए जोरदार अभियान शुरू किया। उस समय, लड़ाई ज्यादातर वामपंथी और पारंपरिक कांग्रेस पार्टी से जुड़े छात्र संगठनों के बीच थी।

1990 के दशक में स्थिति बदल गई जब भाजपा ने राज्यों के साथ-साथ केंद्र में भी राजनीतिक शक्ति का परीक्षण करना शुरू कर दिया। हिंदू राष्ट्रवादी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध दक्षिणपंथी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच अपने अनुयायियों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए सामने आई। दरअसल, लगभग सभी राज्य और केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान अब सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के प्रभाव में हैं। राजनीतिक दल और नेता विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों से आने वाले आलोचनात्मक मूल्यांकन और स्वतंत्र आवाज़ों को लेकर, भले ही असुरक्षित न हों, असहज हो रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए है इंडिया गठबंधन, राज्यों के चुनाव के लिए नहीं

■ नित्य चक्रवर्ती

भाजपा विरोधी विपक्षी दलों की 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक से पहले घटक दलों और जनता के लिए एक प्रमुख मुद्दा स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए कि इंडिया गठबंधन मुख्य रूप से 2024 में लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए बनाया गया है, तथा वर्तमान 26 सदस्यीय ब्लॉक का यह उद्देश्य राज्यों में अपने-अपने आधार का विस्तार करने के लिए घटक दलों की महत्वाकांक्षा से नहीं टकराता है।

इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का गठबंधन रहा है और इसका उद्देश्य राज्य चुनावों तक विस्तार करना नहीं है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि भारत के घटक दल हमेशा राज्यों में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे और केवल लोकसभा चुनावों के दौरान ही हाथ मिलायेंगे।

राज्यों में यह मुद्दा थोड़ा जटिल है, फिर भी, प्रत्येक राज्य में अग्रणी इंडिया घटक पार्टी भाजपा के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने के लिए किसी अन्य घटक के साथ गठबंधन की कोशिश कर सकती है। यदि राज्य चुनावों में कुछ सीमित गठबंधन होता है, तो यह अच्छा है, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है, तो इसका लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन की संयुक्त कोशिश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

> **लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है।**

भारत में संसदीय चुनावों के पिछले सात दशकों में, कई कांग्रेस-विरोधी मोर्चों के आने से राजनीतिक परिदृश्य पिछली सदी के साठ के दशक से बदल गया है। यह प्रक्रिया 1977 में जनता पार्टी के गठन और मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली कांग्रेस विरोधी सरकार के आने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर शुरू हुई।

उसके बाद, कई विभाजन और नये गठन हुए, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वीपी सिंह के नेतृत्व वाला जनता दल था जिसने 1989 में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार बनाई। 88 सीटों वाली भाजपा ने एक तरफ से और वामपंथी दलों ने दूसरी तरफ से इसका समर्थन किया। यह वह सरकार थी जिसने भाजपा को केंद्र के प्रमुख क्षेत्रों में अपने लोगों को शामिल करने में मदद की। वामपंथियों को भाजपा की साजिशों के बारे में पता था लेकिन वे कुछ नहीं कर सके। 1996 में कांग्रेस और भाजपा विरोधी पार्टियों का एक और मोर्चा बना और इस मोर्चे ने कुछ समय तक सरकार का नेतृत्व किया।

इसके बाद 1998 में भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नामक मोर्चे का नेतृत्व किया। यह एनडीए अब 25 साल पुराना हो चुका है और इसमें अब 37 पार्टियां सदस्य बन चुकी हैं। 1998 से 2004 तक एनडीए सरकार में थी, फिर 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने वापसी की। 2004 में, कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का गठन किया और इस सरकार ने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में आने से पहले 2014 के लोकसभा चुनाव तक शासन किया। 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद यूपीए ज्यादा सक्रिय नहीं था और आखिरकार पिछले महीने बेंगलुरु कॉन्क्लेव में इसकी जगह इंडिया गठबंधन ने ले ली। यूपीए में 16 सदस्य थे लेकिन इंडिया में अब 26 हैं। मुंबई कॉन्क्लेव में और भी लोगों को शामिल किया जा सकता है।

ध्यान रहे कि ऐसे गठबंधन किसी ऐतिहासिक आवश्यकता के कारण बनते तो हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाते। गंभीर राष्ट्रीय राजनीतिक दल भविष्यवादी दृष्टिकोण अपनाते हैं और वे किसी भी अस्थायी गठबंधन के बावजूद, दीर्घकालिक खिलाड़ी के रूप में अपने कार्यक्रम उसी के अनुसार बनाते हैं। मुंबई कॉन्क्लेव पेशेवर तरीके से होना चाहिए और 31 अगस्त तक सभी प्रमुख समितियों और संयोजक समेत समूहों का फैसला हो जाना चाहिए ताकि अगले दिन होने वाली अंतिम बैठक में बिना किसी रुकावट के नामों को मंजूरी मिल सके।

इनमें से सबसे अहम कमेटी सीट बंटवारे को लेकर है। इसमें उन नेताओं को शामिल किया जाना चाहिए जिनमें बातचीत को सफलता के साथ आगे बढ़ाने के अद्भुत गुण हों। इस समिति में ऊंचे कद वाले नेताओं को भी शामिल किया जाना चाहिए जिनका सभी घटक सम्मान करते हों। यह और अभियान समिति दो सबसे महत्वपूर्ण निकाय हैं जो 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया के लिए निर्णायक भूमिका निभायेंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है। उदाहरण के लिए, 2019 के लोकसभा चुनाव में, एनडीए को 25.9 करोड़ वोटों के साथ 353 (अब 332) सीटें मिलीं, जबकि वर्तमान गठबंधन को 22.9 करोड़ वोटों के साथ 144 सीटें मिलीं, जिसमें 3 करोड़ वोटों का अंतर था।

इसके विपरीत, यदि हम पिछले पांच वर्षों के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों को देखें, तो इंडिया गठबंधन के घटकों को 26.8 करोड़ वोटों के साथ 1793 सीटें मिली हैं, जो एनडीए की 1704 सीटों (23.2 करोड़ वोटों) के मुकाबले 3.6 करोड़ वोटों की भारी बढ़त है। यह एक बड़ी बढ़त है और यह नवीनतम राज्य विधानसभा चुनावों तक है। इसलिए, इंडिया के नेता इस आधार पर शुरुआत कर सकते हैं कि राज्यों में मतदाताओं का मूड इंडिया गठबंधन की पार्टियों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के पक्ष में है।

लेकिन लोकसभा चुनाव में एनडीए को फायदा मिलता है। इसलिए इंडिया गठबंधन के नेताओं का प्राथमिक कार्य उन क्षेत्रों की पहचान करना है जो इस अंतर को खत्म कर देंगे जो मूल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रांड छवि के कारण है जो अभी भी कायम है। तीसरे इंडिया सम्मेलन में यह सुनिश्चित करना होगा कि अगले आठ महीनों में, इंडिया गठबंधन के नेता और घटक दलों द्वारा संचालित राज्य सरकारें मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए सांप्रदायिक गड़बड़ी आयोजित करने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सतर्क रहें।

नरेंद्र मोदी तीन सूत्री फॉर्मूले राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और गरीबों, खासकर ओबीसी के लिए कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चुनाव अभियान में मोदी लाइन को चुनौती देने के लिए इंडिया गठबंधन को एक अत्यधिक नवोन्मेषी आख्यान अपनाना होगा। हिंदू कट्टरपंथी के रूप में मोदी की लगातार आलोचना करने की पुरानी प्रचार शैली काम नहीं करेगी।

## रक्षाबंधन पर्व आज

# राखी का पर्व सात्विक, स्नेह और प्रेम का पर्व

समाज का हर वर्ग एक दूसरे को स्नेह के बंधन में बांध लें तो जीवन ही निखर जाएगा। अभाव का अंत हो जाएगा। एक दूसरे की रक्षा करने की भावना बलवती करने वाला पर्व है। शत्रुता का शमन कर मित्रता एवं भाई चारे को बढ़ाने वाला पर्व है। भाई और बहन के प्यार में जो सात्विकता दिखती है वह अन्य संबंधों में कहां परिलक्षित हो पाती है। विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो की वह घटना क्या विश्व कभी भूल पाएगा? जिसमे स्वामी विवेकानंद ने उस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने उद्‌गार व्यक्त करने से पहले सभा को संबोधित करते हुए कहा- बहनों और भाइयों,'सिस्टर एंड ब्रदर' कहा था। इसके पहले अमेरिकावासी लेडिज एंड जैंटलमैन महिला और पुरुषों का संबोधन ही सुनते थे।

रक्षाबंधन सारे समाज का पर्व है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करे और समाज की व्यवस्था को बनाए रखने हेतु संपन्न वर्ग अपने से विपन्न व्यक्ति का सहयोग करें यही संदेश है रक्षाबंधन का। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन के स्नेह का त्यौहार है। वहीं प्रतिवर्ष बहन अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसके सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामनाएं करती हैं।

भारतवर्ष पर्व प्रधान देश है। इस देश में प्रतिदिन कोई न कोई पर्व आता ही है। कुछ ऐसे पर्व है जो किसी धर्म या जाति से संबंध नहीं रखते, धर्म या जाति से बंधे नहीं होते। उनका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व होता है। ऐसे पर्व में रक्षाबंधन का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। रक्षा का अर्थ है- प्रेम, दया, सहयोग और सहानुभूति। रक्षा जीवन में मधुरता का संचार करती है। भाईचारे की भावना को उजागर करती है। रक्षा की भावना से उत्प्रेरित होकर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने धनुष उठाया था और कर्मयोगी श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र धारण किया था। बड़े-बड़े वीरों ने रक्षा की भावना से तलवार उठाया था। रक्षा शब्द में जीवन की शक्ति है, प्राण है, आत्मा का निर्गुण है। मानव हृदय की अद्भुत कोमलता है। दूसरों के दुखों से द्रवित होकर उनकी रक्षा के लिए अपने सुखों का बलिदान करना और कष्टों को स्वीकार करना यह रक्षा के साथ जुड़ा है। विराट विश्व में जितना भी दुख है, उसको नष्ट करने की क्षमता रक्षा शब्द में रही हुई है। रक्षा मानव मन की पवित्रता का पावन प्रतीक है। आज राखी बांधकर कहीं कोई किसी का भी अपना भाई बहन बन सकता है। समाज में कितने ही स्त्री पुरुष राखी के पवित्र धागो धर्म भाई और धर्म बहन बनकर राखी के पवित्र पर्व की माता का निर्वहन करते हैं। भारत के इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हैं जिन्होंने राखी के पर्व की महता को बढ़ाया है। बहनों के सम्मान की रक्षा कीजिए। रक्षाबंधन से संबंधित अन्य अनेक प्रसंग है पर आज राष्ट्र में हजारों बहनें हैं जिसका जीवन असुरक्षित है।

राखी के रूप में जब वह धागा बंधता है तो वह धागा नहीं परन्तु रक्षासूत्र बन जाता है। जिसने आपके हाथों में राखी बांध दी, उसके जीवन का दायित्व आप हम पर है। केवल चंद चांदी के टुकड़े देखकर आप चाहें कि मैं उत्तरदायित्व से मुक्त हो जाऊंगा, नहीं हो सकते। जो उच्च दायित्व आपने ग्रहण किया है उसे ईमानदारी के साथ निभाएंगे तभी रक्षा सूत्र की सार्थकता है। यही है कि इस पर आत्मा हम दुखियों से दुख दर्द में सहयोगी सुख शांति का अनुभव करने लगेगी। प्राणी मात्र की रक्षा के लिए संकल्प करें। रक्षा के लिए बंध जाए। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन का त्यौहार है वहीं प्रतिवर्ष बहनें अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसकी सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामना करती है। उसके बदले भाई अपनी तरफ से कुछ भेंट देकर बहन का सम्मान करता है। आज इसका रूप विकसित हो गया हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# दुःख, परसाई और रक्षा-बंधन

रक्षा-बंधन का पावन पर्व जब आता है तब हरिशंकर परसाई की याद बेखटके चली आती है उन्होंने अपनी बहिन सीता जो अल्पायु में वैधव्य को प्राप्त कर अपने बच्चों के साथ वापस मायके आ गई थीं उनके लिए अपना सर्वस्व जीवन अर्पण कर दिया। दो-दो सरकारी नौकरी छोड़ने पर भी उन्होंने दो बहिन रुक्मणि और सीता तथा भाई गौरीशंकर की जिम्मेदारी भलीभांति संभाली। यह जिम्मेदारी उनके पिताजी ने मृत्यु से चंद दिनों पूर्व उन्हें सौंपी थी। भाई गौरीशंकर तो एक नौकरी में टिक गए पर निष्फिकर रहे। सारा जिम्मा बहनों के पालन-पोषण और विवाह का परसाई ने संभाला। जिम्मेदारी का सिलसिला थोड़ा विराम ले ही रहा था कि सीता और उनके बच्चों के पालन पोषण जब फिर आ गया तो परसाई ने घनघोर लेखन किया औरभाषण देने का मनमाफिक पैसा भी लिया। लेखन के तेवर भी ऐसे कि उनके कई शत्रु भी बन गए। सरकार के खिलाफ भी खूब लिखा किंतु तत्कालीन सरकार ने उन्हें कभी नहीं सताया। बल्कि उनके लेखन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

इतने ग़मों और हरिशंकर जैसे भाई के अभी ज़िंदगी ज़रा सी संतुष्ट नज़र आई ही थी कि 10 अगस्त सन् 1995 की वह काली सुबह जिसने रक्षा-बंधन को सीता से हरिशंकर भाई को छीन लिया। सीता बहन के लिए वह सबसे दुःखकर क्षण जब वे भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए थाली सजा रहीं थीं। उनकी बहन पर यह बड़ा वज्रपात था। बंगाल बिहार में आज भी सीता नाम नहीं रखा जाता क्योंकि सीता का तमाम जीवन विपदाओं में बीता था। परसाई की बहन सीता की व्यथा इसे याद दिला देती है।

परसाई जी चले गए किंतु लेखकों को जो संदेश देते रहे वो अनमोल है। वे लिखते हैं-'मैंने लेखन को दुनिया से लड़ने के लिए एक हथियार के रूप में अपनाया होगा। दूसरे, इसी में मैंने अपने व्यक्तित्व की रक्षा का रास्ता देखा तीसरे, अपने को अवशिष्ट होने से बचाने के लिए मैंने लिखना शुरू कर दिया। यह तब की बात है, मेरा ख्याल है, तब ऐसी ही बात होगी पर जल्दी ही मैं व्यक्तिगत दुख के इस सम्मोहन-जाल से निकल गया। मैंने अपने को विस्तार दे दिया। दुखी और भी हैं, अन्याय पीड़ित और भी हैं। अनगिनत शोषित हैं। मैं उनमें से एक हूं पर मेरे हाथ में कलम है और मैं चेतनासम्पन्न हूं, यहीं कहीं व्यंग्य-लेखक का जन्म हुआ। मैंने सोचा होगा- रोना नहीं है, लड़ना है, जो हथियार हाथ में है, उसी से लड़ना है। मैंने तब ढंग से इतिहास, समाज, राजनीति और संस्कृति का अध्ययन शुरू किया। साथ ही एक औघड़ व्यक्तित्व बनाया और बहुत गंभीरता से व्यंग्य लिखना शुरू कर दिया मुक्ति अकेले की नहीं होती। अलग से अपना भला नहीं हो सकता। मनुष्य की छटपटाहट है मुक्ति के लिए, सुख के लिए, न्याय के लिए।' अपनी पुस्तक 'हम इक उम्र से वाकिफ हैं' में परसाई जी लिखते हैं कि मैंने अपने दुखों का ढिंढोरा नहीं पीटा। लेखन के आरंभ में कुछ उद्वेलित हुआ था और बाद में एक लेख 'गर्दिश के दिन' में लिखा था कि मैं नही चाहता अपने दुखों को बहुत महत्व देना, उन्हें महिमामंडित करना और बड़े लेखक होने के लिए जो 'मार्कशीट' तैयार होती है उसमें दुख के विषय में अधिक नंबर जुड़वाना। अधिक दुख भोगने मात्र से कोई बड़ा लेखक नहीं होता। अधिक दुख भोगने वाला चोर भी हो जाता है। किसी को बड़ा लेखक इसलिए नहीं माना जा सकता है कि उसने बहुत दुख भोगे हैं। सिर्फ हाय-हाय की कूची से कला में रंग नहीं भरे जाते।'

आइए हम सब भी तमाम दुखों से निजात पाने कलम रूपी हथियार उठाएं।

**-सुसंस्कृति परिहार**

## पुरानी कचहरी में युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर किया प्रदर्शन

# दलित युवक की निर्मम हत्या को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री का पुतला

**पन्ना, देशबन्धु।** सागर जिले की खुरई तहसील के ग्राम बरौंदा नोनागिर में अनुसूचित जाति के युवक नितिन अहिरवार को न्याय मांगने पर उसे दबंगो द्वारा इतना पीटा गया कि उसे गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई इतना ही नहीं अपने बेटे को बचाने आई उसकी मां को भी निर्वस्त्र कर पीटा गया जिससे मां का हाथ टूट गया। यह घटना नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह के समर्थकों के द्वारा किए जाने का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में मप्र युवक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया के निर्देशानुसार पुरानी कचहरी चौराहे पर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी के नेतृत्व में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओ व



पदाधिकारियों ने मंत्री भूपेंद्र सिंह का पुतला फूंकते हुए उनके खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री भूपेंद्र सिंह तानाशाह हो गए हैं और इस प्रकार से उनके संरक्षण में दलितों के ऊपर अत्याचार किया जा रहा है।

श्री अवस्थी ने पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दिए जाने की मांग करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। पन्ना युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सौरभ पटेरिया ने दलित युवक की मारपीट कर हत्या किए जाने की तीखी निंदा की। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डीके दुबे, मनीष मिश्रा, सुनील अवस्थी, मार्तंड देव बुंदेला, शशीकांत दीक्षित, सौरभ पटेरिया, भूपेंद्र सिंह परमार, कदीर खान, अक्षय जैन, रमन दीक्षित सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के संबंध में हुई कार्यशाला

# पर्यटन क्षेत्र में विकास के लिए सुरक्षा के साथ बेहतर कनेक्टिविटी जरूरी: कलेक्टर



**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र पर्यटन बोर्ड की सहयोगी आधार संस्था द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों में सुरक्षा सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की गई।

इस मौके पर कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने कहा कि किसी भी पर्यटन स्थल के विकास, विस्तार और पहचान के लिए ब्रांडिग, समुचित व्यवस्थाएं और सुरक्षा के साथ बेहतर कनेक्टिविटी भी जरूरी है। पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृहद वन क्षेत्र और प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के कारण जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। वृहस्पति कुंड में ग्लास ब्रिज के निर्माण से यह लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। साथ ही डायमण्ड पार्क की स्थापना से स्थानीय कारीगर के हुनर को बढ़ावा मिल सकेगा। सभी क्षेत्रों के साथ पर्यटन क्षेत्र में भी महिलाओं की सहभागिता जरूरी है। इस कार्य में आधार संस्था की कारगर पहल सराहनीय है।

इसके अलावा पुलिस विभाग के साथ सभी सहभागी विभागों के द्वारा समन्वय के साथ कार्य किया जाना भी आवश्यक है। जिले के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे से निगरानी सहित अन्य सुरक्षात्मक उपायों की बात कही। साथ ही टीम वर्क के रूप में सुदृढ़ कार्ययोजना तैयार कर बेहतर पर्यटन के लिए कार्य करने की अपेक्षा की। पर्यटन बोर्ड की सलाहकार रंजना मिश्रा ने पर्यटन विभाग द्वारा आधार संस्था के सहयोग से मड़ला, पन्ना और अजयगढ़ में क्रियान्वित कार्यों और जागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं में महिलाओं के सुरक्षित पर्यटन की दृष्टि से किए गए जागरूकता कार्यों की जानकारी दी। गणतंत्र दिवस के मौके पर 500 बेटियों को प्रदान किए गए आत्मरक्षा प्रशिक्षण और गाइड व कुकिंग क्लास तथा माटीकला एवं टेराकोटा कला के प्रशिक्षण के बारे में भी अवगत कराया। परियोजना के उद्देश्य, सुरक्षित पर्यटन के साथ रोजगार गतिविधियां संचालित करने तथा स्टेकहोल्डर्स के साथ सुरक्षित पर्यटन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला में उपस्थितजनों से जरूरी सुझाव भी प्राप्त किए गए। सेफ्टी ऑडिट के संबंध में भी चर्चा हुई। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, आधार संस्था की मेहरून्निशा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने हितग्राही मूलक योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना की जानकारी लेकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में समस्त योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले। विभाग में प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा सघन मॉनिटरिंग भी की जाए। गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में शत प्रतिशत पंजीयन करने और अनमोल पोर्टल पर एंट्री के लिए एएनएम के साथ सीएचओ की भी जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्भावस्था एवं प्रसव पश्चात प्रदान की जाने वाली समस्त सेवाओं का मैदानी स्तर एवं संस्था स्तर पर बेहतर संचालन हो, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में जिले की स्थिति में सुधार हो सके। कलेक्टर ने शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चलाए जा रहे दस्तक अभियान में सभी गतिविधियों का शत प्रतिशत कवरेज करते हुए कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से शत प्रतिशत एनआरसी में भर्ती के निर्देश भी दिए। इसके अलावा टीकाकरण के लिए आगामी सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान के द्वितीय चरण में प्रथम चरण के छूटे हुए बच्चों एवं द्वितीय चरण के लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल करते हुए मीजल्स रूबेला मुक्त पन्ना के लिए मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान भारत अंतर्गत दिसम्बर तक शत प्रतिशत पात्र नागरिकों के कार्ड बनाने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत विकल्प प्रोजेक्ट में दंपत्ति को बॉस्केट ऑफ च्वाइस के आधार पर परिवार नियोजन की सेवायें उपलब्ध कराई जाये। शिशु लिंगानुपात में सुधार के लिए समुदाय स्तर पर बेटा बेटी एक समान जैसी गतिविधियों का प्रचार प्रसार करते हुए जागरूकता लाने का प्रयास करने, जिले की समस्त सोनोग्राफी की सेवाएं प्रदान करने वाली शासकीय व निजी संस्थाओं पर लिंग जांच निषेध व दंड प्रावधान का प्रदर्शन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के लिए कहा।

टीबी कार्यक्रम, मलेरिया कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा भी की गई। इसके अलावा कोटपा एक्ट 2003 अंतर्गत जिले की समस्तं शासकीय एवं निजी संस्थाओं और विद्यालय परिसरो में धूम्रपान निषेध, गुटखा तंबाकू खाने पर प्रतिबंध एवं उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित सीएमएचओ डॉ. व्हीएस उपाध्याय, सिविल सर्जन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी और जिले एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मारपीट के आरोपी को एक वर्ष का कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया भारी सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है, कि फरियादी वीरेन्द्र मिश्रा द्वारा थाना कोतवाली पन्ना में उपस्थित होकर इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख करायी कि 18 अप्रैल 2021 को सायं 06.30 बजे वह खरीदी केन्द्र बराछ से घर जा रहा था, वहीं पर गांव का सावन सिंह घोषी मिला और उसे गाली गुपतार करने लगा और उसे झूमा झटकी कर उसे गिरा दिया जिससे उसके गाल में छिल गया है। मौके पर मोहन पाल व अवध पटेल ने देखा व सुना है। फरियादी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया जिसमें चिकित्सक द्वारा आहत वीरेन्द्र कुमार के बायें हांथ की कलाई की चोट में फ्रेक्चर होना लेख किया गया। फरियादी द्वारा उक्त घटना के संबंध में चैकी बराछ में उपस्थित होकर घटना के संबंध में रिपोर्ट की। फरियादी द्वारा लेख करायी गयी रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना, जिला पन्ना के न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करते हुए रोहित गुप्ता, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराया, न्यायालय के समक्ष आरोपी बच्ची उर्फ सावन सिंह को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम श्रेणी का होने के कारण कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी बच्ची उर्फ सावन सिंह को धारा 325 भादसं के आरोप में 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## अंतिम चयन सूची जारी

**पन्ना, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास परियोजना पन्ना ग्रामीण अंतर्गत रिक्त आंगनबाडी कार्यकर्ता सहायिकाओं की पद पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। खण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा आवेदनों के परीक्षण के बाद अंतिम चयन सूची जारी की गई है। आंगनबाड़ी केन्द्र बिलखुरा क्र. 2 में नेहा गौड़ एवं जमुनिहा में रीता पाण्डेय का कार्यकर्ता के पद पर तथा मकरीकुठार क्र.1 में राधा सिंह गौड़ और गहदरा में लक्ष्मी यादव का सहायिका के पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है। अनंतिम चयन सूची के संबंध में आगामी 8 सितम्बर तक संबंधित परियोजना कार्यालय में दावा आपत्ति आमंत्रित की गई हैं।

# जनसुनवाई में आए 88 आवेदन



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में कुल 88 आवेदन आए।

## कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य प्रतिष्ठानों की हुई जांच

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह के निर्देश पर राजस्व, खाद्य और नापतौल विभाग के अधिकारियों ने शहर की मिष्ठान दुकानों की जांच की और खाद्य सामग्री की जांच के लिए नमूने लिए। इस दौरान श्री कृष्णा मिष्ठान भण्डार में एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक मिलने पर समक्ष में नष्ट करवाया गया। इसी तरह एक अन्य प्रतिष्ठान में तौलकांटे में गड़बड़ी पाए जाने पर जप्त करने की कार्यवाही भी की गई। जिला कलेक्टर द्वारा रक्षाबंधन सहित अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत अधिकारियों का दल गठित कर खाद्य दुकानों के औचक निरीक्षण एवं गुणवत्ता जांच के निर्देश दिए गए हैं। टीम में प्रभारी तहसीलदार शशिकांत दुबे, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी एवं कल्लू पटेल, खाद्य एवं औषधि निरीक्षक राजेश राय एवं नीतू खरे तथा नापतौल निरीक्षक अर्चना मिश्रा शामिल हैं।



## गोपाल मंदिर का कायाकल्प कराया

**छतरपुर, देशबन्धु।** विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल द्वारा शहर की संकट मोचन टौरिया पर स्थित गोपाल मंदिर का कायाकल्प कराया गया है। मंगलवार को विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं एवं दुर्गा वाहिनी की मातृशक्ति ने गोपाल मंदिर में हनुमान चालीसा और दुर्गा चालीसा का पाठ किया। इसके साथ ही मंदिर पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी हुआ।

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष प्रखर भट्ट ने बताया कि संगठन द्वारा शहर के जीर्ण-शीर्ण मंदिरों को चिन्हित कर उनका कायाकल्प कराने के लिए विशेष अभियान चला जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत संकट मोचन टौरिया के गोपाल मंदिर से की गई है जिसका कायाकल्प हो चुका है और इसी उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा तथा दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया है। बजरंग दल के जिला संयोजक सूरज सिंह बुंदेला ने बताया कि इस मुहिम के तहत समाज के लोगों को विलुप्त हो रहे मंदिरों की देखभाल के लिए जागरुक भी किया जा रहा है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद की उपाध्यक्ष प्रिया महतो, मातृशक्ति जिला संयोजक कल्पना यादव, सिंपी गुप्ता, दिव्यांशी, शैली आदि उपस्थित रहीं।

## महेश कोरी का दुखद निधन

**पन्ना, देशबन्धु।** जनपद पंचायत पन्ना में भृत्य पद पर पदस्थ रहे महेश कोरी उम्र 63 वर्ष विगत दिनों बीमारी के चलते दु:खद निधन हो गया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति तथा परिवार के परिजनो को इस गहन दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करे।




**आम सूचना**

मैं श्रीमती अंजली खरे पत्नी श्री अजय खरे शपथपूर्वक यह घोषणा करती हूं कि मेरा विवाह के पहले नाम कु. संध्या श्रीवास्तव पुत्री श्री रामनारायण श्रीवास्तव था जो कि एमपी बोर्ड द्वारा जारी दसवीं और बारहवीं की अंक सूची में दर्ज है। दिनांक 22/6/1997 को मेरा श्री अजय खरे पुत्र श्री कृपा नारायण खरे के साथ विवाह हुआ। विवाह के कार्ड एवं विवाह उपरांत घर में मेरा नाम अंजू खरे/अंजली खरे रहा है। वर्ष 2006-07 में मेरा पेन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता अंजली खरे के नाम से बने हैं अत: विवाह के बाद मेरा नाम अब श्रीमती अंजली खरे पढ़ा जावे।

**सूचनाकर्ता**
**श्रीमती अंजली खरे पत्नी श्री अजय खरे,**
**5 एमआईजी 7 के सामने द्वारिका बिहार,**
**तिली रोड सागर**



**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

क्रमांक 1527/स.अ. /आवंटन/सागर/ 2023 दिनांक 29.08.2023

**भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी पं दीनदयाल पुरम बीना स्थित भूखण्ड क्रमांक ईडब्लूएस 96 मण्डल द्वारा श्री शैलेन्द्र कुमार पिता श्री प्यारेलाल एडविन को आवंटित किया गया था ।जिसका विक्रय विलेख मण्डल द्वारा 26.08.2008 को निष्पादित कराया गया था। श्री शैलेन्द्र कुमार पिता श्री प्यारेलाल एडविन द्वारा उक्त भूखण्ड निष्पादित विक्रय विलेख दिनांक 04.02.2009 के माध्यम से श्रीमति शहनाज बानो पति मोहम्मद एलियास खान को विक्रय किया गया। श्रीमति शहनाज बानो पति मोहम्मद एलियास खान द्वारा उक्त भूखण्ड विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 24.09.2019 के माध्यम से श्री जयराम रैंकवार पिता श्री ललता राम रैंकवार को विक्रय किया। श्री जयराम रैंकवार पिता श्री ललता राम रैंकवार द्वारा उक्त भूखण्ड/ भवन स्वयं के नाम से नामान्तरित करने हेतु आवेदन/ दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैध व्यक्ति को हस्तान्तरण/ नामान्तरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अन्दर लिखित में वैध आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण/ नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नही होगा ।

**सम्पत्ति अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी छतरपुर म.प्र.**

प्रकरण क्र. 0013/ A6A/23-24

श्रीमती रामबाई पुत्री स्व. शिवदयाल श्रीवास पत्नी श्री मनप्यारे श्रीवास ग्राम नैगुवां तहसील महाराजपुर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश.... आवेदिका

बनाम

1. सियाराम तनय भुनिया धोबी नि. सौरा
2. सुक्कू तनय मनप्यारे धोबी नि. सौरा
3. रम्मू तनय मनप्यारे धोबी नि. सौरा
4. जय बाई पुत्री छोटा धोबी नि. सौरा
5. गंसी पुत्री परमा धोबी नि. सौरा
6. मुलिया पुत्री परमा धोबी नि. सौरा
7. उमर दराज तनय हाजी इब्राहिम खान नि. छतरपुर
8. फिरोज खान तनय उमर दराज खान नि. छतरपुर
9. सरफराज तनय उमर दराज खान नि. छतरपुर
10. अजहर तनय उमर दराज खान नि. छतरपुर
11. शाहनवाज तनय श्री रहीश अहमद खान नि. छतरपुर
12. मु. सलीम तनय अब्दुल गनी नि. रिपटा चौरा लौंडी तह. लौंडी जि छतरपुर
13. भगवानदास तनय घासीराम विश्वकर्मा नि छतरपुर
14. बब्बू तनय सुखलाल प्रजापति नि. छतरपुर
15. शासन मध्यप्रदेश....... अनावेदकगण

एतद् द्वारा लेख है कि अनावेदकगण 01 लगायत 14 तक दिनांक 14.09.2023 को स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित रहकर पक्ष रख सकते है। वाद अवधि पश्चात सुनवाई अथवा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आज्ञा**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**छतरपुर म.प्र.**


# पुलिस बल को दिया गया चुनावी प्रशिक्षण



**हरपालपुर, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मंगलवार को नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम द्वारा हरपालपुर थाना प्रभारी राकेश साहू एवं राजस्व निरीक्षक द्वारका प्रसाद गुप्ता के साथ संयुक्त रूप से हरपालपुर थाना के स्टाफ को चुनावी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में थाने के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में अधिकारी-कर्मचारियों को चुनाव के दौरान क्या करना है, क्या नहीं करना है आदि बिंदुओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही चुनाव से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं चुनाव की ड्यूटियों के सम्बंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा नौगांव एसडीओपी, हरपालपुर थाना प्रभारी और राजस्व निरीक्षक ने संयुक्त रूप से हरपालपुर, कैंथोकर, सरसेड़ और गुड़ौ के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर ग्राम के लोगो से संवाद किया गया।

## बारिश की बूंदों ने किया भगवान भोलेनाथ का अभिषेक

**छतरपुर, देशबन्धु।** हिन्दू उत्सव समिति की ओर से पिछले डेढ़ दशक से श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माणोत्सव कराया जाता है। इस वर्ष श्रावण मास के साथ-साथ पुरूषोत्तम मास था जिससे 8 सोमवार भगवान भोलेनाथ की आराधना करने का अवसर प्राप्त हुआ। सावन के अंतिम सोमवार को छत्रसालनगर स्थित वैष्णोदेवी मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माणोत्सव रखा गया। यहां रूद्राभिषेक के दौरान आसमान से गिरी चंद बूंदों ने भी अभिषेक किया।


OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD BALDEOGARH DIST. TIKAMGARH
(THIRD CALL)
Section-1
Notic eInviting e-Tenders

NIT No. 2480 Dated: 23.08.2023

Online Lump sum bid for the following AMRUT 2.0 works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria:

| S. No. | Tender No. | Name of the work | Probable amount of contract (Rs.In Lacs) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_245876_3 | 1 Survey, Soil investigation, Design and Construction of<br>a) Providing, laying, jointing, testing, commissioning of clear water pumping main having length of 1413 m of dia. 100 mm and of DI pipe from Tapping Point to ESR including excavation, refilling, road cutting/ dismantling, restoration, providing valves, special and fittings, all complete.<br>b) Construction of overhead reservoirs having capacities of 150 KL and staging height of 15m at Mandi Ground<br>c) Providing, laying, jointing, testing, commissioning of distribution network having length of 12271 m of dia 110mm to 250 mm and of HDPE PN- 06 pipe from ESR to Inner Roads including excavation, refilling, road cutting/dismantling, restoration, providing valves, specials and fittings all complete.<br>d) Providing house service connections<br>e) PLC-SCADA for monitoring and controlling of water supply system. | Rs. 353.39 | 1,76,695/- | 15,000/- | 18 months including rainy season. |

1. Interested Bidder can view the NIT on website www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only Online from 17:00 Hrs of 24.08.2023 to 17:30 Hrs of 11.09.2023
3. Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper.
4. GST shall be paid separately as per norms.

The initial period of 1 year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP).

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बल्देवगढ़ जिला टीकमगढ़ ( म.प्र. )**

# कौन डकार रहा गौ-संरक्षण के लिए भेजा जा रहा करोड़ो का बजट : देवस्वरूपानंद







**टीकमगढ़, देशबन्धु।** गौ-वंश की दुर्दशा से व्यथित संत स्वामी डॉ. देवस्वरुपानंद की भूख हड़ताल मंगलवार को पांचवे दिन भी जारी रही। इन पांच दिनो में प्रशासन की ओर से सिर्फ तहसीलदार द्वारा ही उनसे संपर्क किया गया है। स्वामी जी मात्र जल पान करके ही अपना विरोध दर्ज कराते हुए गौ-वंश के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में ठोस पहल कराने के उद्देश्य से अपने निर्णय पर अडिग हैं। समाचार लिखे जाने तक डॉक्टरों द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण नहीं किया गया है। स्वामी जी का स्वास्थ्य भूख हड़ताल के पांचवे दिन कुछ कमजोर दिखाई देने लगा है। स्वामी जी का कहना है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लाखों-करोड़ों रुपए खर्च करके गौशालाओं का निर्माण कराते हुए भूसे-चारे की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों तथा जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और लापरवाही के कारण गौ-वंश को सड़कों पर विचरण करना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा गौ-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भेजा जा रहा लाखों-करोड़ों रुपयों का वजट कौन डकार रहा है, यह विचारणीय प्रश्न है। मंगलवार को अनशन स्थल पर पहुंचे चौकी बाले बाबा बबलू महाराज सहित बाल प्रभु सच्चिदानंद महाराज तथा हनुमंत दास जी महाराज ने अपना पूरा सहयोग देने की बात कहते हुए उनके द्वारा किए जा रहे अनशन को सराहा। मंगलवार की दोपहर कांग्रेस नेता विश्वजीत सिंह जू देव, पार्थ सिंह जू देव एवं शहर अध्यक्ष भगतराम यादव (भईयन) अनशन स्थल पर पहुंचे और इन्होने अपना पूरा सहयोग देने की बात कही। स्वामी जी द्वारा जारी किए गए बयानों से आहत कुछ लोगों द्वारा इशारों-इशारों में धमकी देने की बात सामने आने पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने उनकी सुरक्षा की दिशा में कदम उठाने के संकेत दिए हैं। स्वामी जी ने बताया है कि मंगलवार को सुरक्षा प्रभारी माया जैन सहित देहात थाना प्रभारी मनीष कुमार ने अनशन स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। बहरहाल कलेक्टर की ओर से इस दिशा में किसी भी प्रकार के कदम उठाने की जानकारी नहीं मिल रही है। कलेक्टर द्वारा स्वामी जी से इस विषय पर चर्चा करना भी उचित नहीं समझा जा रहा है। स्वामी जी की भूख हड़ताल शहर में चर्चा का प्रमुख विषय बन चुकी है।

### कलेक्टर की उदासीनता बनी चर्चा का विषय, पांचवे दिन दिखा स्वामी की सेहत पर असर

निवाड़ी से स्थानांतरित होकर आए नवागत थाना प्रभारी ने संभाला प्रभार

## अपराधी अपराध छोड़े या फिर पलेरा छोड़ दें : नरेंद्र सिंह



**पलेरा, देशबन्धु।** वर्दी का खौफ बदमाशों और अपराधियों में होना चाहिए, ना कि जनता में पुलिस का डर हो। पीड़ित व्यक्ति निडर होकर थाने तक पहुंचकर अपनी बात रख सके, पुलिस की यही प्राथमिकता रहती है। श्री सिंह ने आपराधिक प्रवत्ति व नशे का नेटवर्क फैलाने बालों से कहा है कि या तो अपराध छोड़ दो या फिर नगर छोड़ दो। कोई भी अपराधी किसी भी प्रकार का भ्रम अपने मन मे मत रखना। अपराध मुक्त, भय मुक्त बनाने के साथ-साथ नशा मुक्त नगर बनाना ही मेरी प्राथमिकता है। ये दो टूक चेतावनी नवागत टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने पुलिस थाना का चार्ज लेते समय कही। उन्होंने सभी को मैसेज दिया कि कानून की अनदेखी, नियमों को तोड़ने, अफवाह फैलाने बाले अपराधियों पर सख्त कार्रवाई होगी, फिर चाहे वह किसी नेता, जनप्रतिनिधि इत्यादि किसी से रिश्ता रखता हो। श्री सिंह ने रक्षाबंधन पर्व को लेकर नगर के प्रमुख इलाकों में सतर्कता बरतने के निर्देश पुलिस स्टॉफ को दिए हैं। नवागत थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार के चार्ज लेने के बाद क्षेत्र के नागरिकों में खुशी देखी जा रही है।

## शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी ने दिए निर्देश



### रक्षाबंधन के दिन चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

**पलेरा, देशबन्धु।** नवागत थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने नगर में आते ही व्यवस्थाओं में कसावट लाना शुरू कर दिया है। मंगलवार के दिन थाना परिसर में शांति समिति की बैठक के दौरान उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि रक्षाबंधन पर्व के दिन नगर क्षेत्र में अपराधियों पर पुलिस की नजर रहेगी। नबागत थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने उपस्थित नागरिकों से अपने घरों एवं दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए सभी को सजगता वरतनी होगी। इसी प्रकार उन्होंने उपस्थित डीजे संचालकों को कंपटीशन न करने की हिदायत दी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में होने वाले अपराधों को रोकने के लिए पुलिस को जनता का सहयोग आवश्यक है। बैठक के दौरान नगर की तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पटेरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील खटीक समेत नगर के अन्य गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार मौजूद रहे।

अरविंद सिंह ने संभाला जतारा थाने का पदभार

## कार्यवाही करने से पहले मामले की तह तक जाएंगे : दांगी




**जतारा, देशबन्धु।** नजदीकी जिले छतरपुर कोतवाली से टीकमगढ़ और मंगलवार को जतारा थाना प्रभारी के रूप में अरविंद सिंह दांगी ने अपना पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने से पहले उन्होंने मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस जनता के सहयोग के बिना कोई भी काम नहीं कर सकती है और हमारी पहली प्राथमिकता अपराधों पर अंकुश लगाना रहेगी। किसी भी निरपराध व्यक्ति पर कोई भी मामला दर्ज नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मेने अपने स्टॉफ को भी दिशा निर्देश दिए हैं कि कार्यवाही करने से पहले मामले की तह तक जाने के बाद कोई फैसला लिया जाए। जल्दबाजी में फैसला लेना कभी-कभी गलत हो जाता है, जिससे गलत व्यक्ति फस जाता है और जो अपराधों में लिप्त होते हैं वह पुलिस के हाथ से निकल जाते हैं। मेरे रहते हुए जतारा में किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर कोई भी मामला दर्ज नहीं होगा। फिलहाल में दांगी छतरपुर कोतवाली में थे, जिन्होंने अपने फर्ज को बहुत ही अच्छे तरीके से निभाया और इसका जीता जागता सबूत उनके विदाई समारोह में देखने को मिला था। उन्होंने कहा कि जतारा थाना अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामीण अंचल में अपराधियों पर अंकुश लगाऊंगा और कानून व्यवस्था सही बनाने की कोशिश करूंगा।

पेवर्स बिछाने के कार्य का किया भूमिपूजन

## अक्टूबर माह से लाडली बहनों के खाते में आएंगे 1250 रुपए : गिरी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत हीरानगर में मंगलवार के दिन ग्रामवासियों द्वारा तुलादान एवं भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी ने कन्या पूजन करके किया। इसके बाद ग्राम पंचायत वासियों द्वारा विधायक राकेश गिरी एवं उपस्थित अतिथियों को फूल माला पहनाकर स्वागत एवं शॉल श्रीफल भेट कर सम्मान किया। इसके साथ ही विधायक राकेश गिरी ने 2.10 लाख रुपये की लागत राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य एवं 1 लाख रुपये की लागत राशि से श्री नरसिंह भगवान मंदिर परिसर में पेवर्स बिछाने के कार्य का उपस्थितियों एवं ग्राम पंचायत वासियों के साथ मिलकर विधि विधान से भूमि पूजन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत वासियों द्वारा श्री गिरी का फलों से तुलादान किया गया। श्री गिरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे आप सभी ने जब से विधायक बनाया है, मेने सिर्फ जनता की सेवा की है, जनता ही मेरी भगवान है, में जनता का सेवक हूं, मेने जनता की मांग अनुसार काम किया है। मेरे द्वारा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ निरंतर जनता तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है, जिससे मेरे क्षेत्र का कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। कांग्रेस की सरकार ने ना तो जनता को कोई लाभ दिया और ना ही क्षेत्र में कोई विकास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाड़ली बहना योजना संचालित कर प्रदेश की पात्र लाड़ली बहनों को 1 हजार रूपये प्रतिमाह देने की बात कही थी जो हर महीने लाड़ली बहनों के खातो में डाले जा रहे हैं। उन्होंने वादा किया था कि यह राशि 1 हजार से लेकर 3 हजार तक धीरे-धीरे बढ़ाई जायेगी। उनके द्वारा किये गये बादे के अनुसार अक्टूबर माह से लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपये डाले जाएंगे। हमारी सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खातों में राशि डाली जाती है। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद यादव, सरपंच स्वामी राय, सचिव राजधर यादव, घनेद्र यादव सरपंच रानीपुरा, जनपद सदस्य हरिराम कुशवाहा, पूर्व सरपंच रामस्वरूप यादव सहित ग्रामवासी एवं वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

## फोर्टिफाइड चावल है खुशियों का खजाना : कलेक्टर

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा ने फोर्टिफाइड चावल के संबंध में सभी अधिकारियों की बैठक लेकर सभी को फोर्टिफाइड चावल खाने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि फोर्टिफाइड चावल का मतलब है, पोषण युक्त चावल। इसमें सामान्य चावल की तुलना में आयरन, विटामिन बी-12, फोलिक एसिड ज्यादा होता है। जिससे भोजन में पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। फोर्टिफाइड चावल खरीदते समय प्लस एफ का निशान अवश्य देखें। फोर्टिफाइड चावलों को फोर्टिफिकेशन की प्रक्रिया द्वारा मिलों में बनाया जाता है। इस दौरान सही मात्रा में आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी.-12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व मिलाए जाते हैं जो कि मानव शरीर को बेहतर पोषण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फोर्टिफाइड चावल देखने, खाने और महक में बिल्कुल सामान्य चावल जैसा ही लगता है। फोर्टिफाइड चावल में कुछ अलग दिखने वाले दाने पोषक तत्वों से भरपूर है जिन्हें सरकार द्वारा निर्धारित निश्चित मात्रा में मिलाया जाता है। धोते, पकाते और खाते समय इन दानों को अलग ना करें क्यूँकि यह एनीमिया यानी खून की कमी से बचाव कर बेहतर पोषण देते हैं। फोर्टिफाइड चावल सरकारी राशन की दुकान से लिया जा सकता है।

## पार्षद प्रतिनिधि के जन्म दिवस पर उपाध्यक्ष तिवारी ने दी बधाई

**पलेरा, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर उपाध्यक्ष संदीप तिवारी समेत नगर परिषद के समस्त पार्षदों ने बधाई दी है। बीते रोज पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष में स्थानीय होटल में पहुंचकर उपाध्यक्ष संदीप तिवारी समेत भाजपा पार्षदों ने उन्हें केक खिलाकर उनके जन्म दिवस की बधाई दी। इस मौके पर उपाध्यक्ष संदीप तिवारी, संतोष अहिरवार, रामकिशोर कुशवाहा, गुलाब आदिवासी समेत अनेक पार्षद उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गंजी खाना ग्राउंड पर किया गया खेलों का आयोजन

## विजेता खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक ने बांटे पुरुष्कार



**टीकमगढ़, देंशबन्धु।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा खेल दिवस का आयोजन गंजी खाना ग्राउंड में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित काशवानी पुलिस अधीक्षक रहे एवं अध्यक्षता सीताराम सासत्या अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई। कार्यकम में नगर के पूर्व हॉकी खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सॉफ्ट बाल, फुटबॉल, हॉकी इनडोर एक्टिविटी में बैडमिंटन, प्लांक, रस्साकाशी खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। टीकमगढ़ नगर के हॉकी के पूर्व खिलाड़ी जीडी रावत, पुरुषोत्तम रावत, गोकुल रावत, महेश आचार्य, परमानंद यादव, लक्ष्मण प्रजापति का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समस्त खेलों के प्रशिक्षकों जिसमें पी. प्रसन्ना, देवेश चंदेल सॉफ्टवेयर कोच, अनूप मंडल फुटबॉल कोच, प्रिंस सेन कृतिका चंद्र हॉकी कोच, सुनीता रिछारिया एथलेटिक्स कोच एवं अंजलि भटनागर कराटे कोच को भी सम्मानित किया गया।

माशा नयाखेरा में खेल स्पर्धा आयोजित

## हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की मनाई जयंती




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में माध्यमिक शाला नयाखेरा में विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गई। शाला के शिक्षक विवेक खरे ने बताया कि सर्वप्रथम शाला के बच्चों को पद्म भूषण हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के विषय में जानकारी देते हुए बताया गया कि मेजर ध्यानचंद इतनी अच्छी हॉकी खेलते थे कि बॉल उनकी हॉकी से अलग ही नहीं होती थी। कई बार उनकी हॉकी में चुंबक लगे होने का अंदेशा होने के कारण जांच की गई परंतु जांच में कोई चुंबक नहीं पाई गई। इसी कारण उन्हें हॉकी के जादूगर की उपाधि से नवाजा गया। श्री खरे ने बताया कि मध्यांतर पश्चात शाला के बच्चों के बीच आयोजित कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक बच्चों ने भाग लिया। अंत में बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। इस अवसर पर शिक्षक किशोर कुमार जैन, अनामिका शर्मा, गीता चंदेरिया एवम ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### शहर कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**दमोह देशबन्धु।** शहर कांग्रेस कमेटी दमोह ने राज्यपाल के नाम दमोह कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष कोमल अहिरवार ने बताया कि दिनांक 24 अगस्त को मध्यप्रदेश के खुरई के अंतर्गत ग्राम बरोदिया के दबंगों द्वारा दलित बेटी के साथ 2019 में छेड़छाड़ की गई थी इस मामले के संबंध में दबंगों द्वारा राजीरामा करने का दबाव बना रहे थे जिसका विरोध करने पर पीड़ित दलित बेटी के भाई की पीट पीट कर हत्या कर दी गई जब बेटी की मांग अपने बेटे नितिन अहिरवार को बचाने गई तो उसके साथ मारपीट एवं कपड़े उतार कर नग्न अवस्था में पूरे गांव में घुमाया गया। इस घटना का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध एवं निंदा करते है। ज्ञापन सौपते हुए मांग की है कि पीड़ित परिवार को सर्व प्रथम सुरक्षा व्यवस्था दी जायें एवं पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपय की आर्थिक मदद दी जाये एवं अपराधियों के मकान पर बुल्डोजर चलाये जाये ज्ञापन देने वालों में कोमल अहिरवार, मंजीत यादव, वीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र अजमानी, रियाज, मनु मिश्रा, नितिन मिश्रा, अजय जाटव, बंटी राय आदि की उपस्थिति रहीं।

अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

# जनसुनवाई में आए सौ आवेदन, सीईओ ने सुनीं समस्याएं



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई में शहर एवं दूरस्थ अचंलों से आये आमजन की बाते व समस्याए सुनी। उन्होंने आवेदनों का मौके पर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित अन्य जिलाधिकारियों ने सहभागिता निभाई। जनसुनवाई में 100 आवेदन आये।

## जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

दमोह/नोहटा देशबन्धु। ग्राम पंचायत मुडेरीके ग्राम ककरेटा में 10 लाख की सीसी कागज पर बन गई जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह द्वारा ग्राम ककरेटा में स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम वासियों ने बताया कि यहां पर एक 10 लाख की सीसी कागज पर बन गई है जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। सीसी सडक जाहर के घर से महेश साहू के घर तक बनाई गई है कार्य पूर्णता हो चुकी है इस प्रकार से कई ग्राम पंचायत में इस तरह का कागजी कार्य हो रहा है।

# वेतन वृद्धि की मांग को लेकर पटवारी बैठे धरने पर



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. पटवारी संघ के आवाहन पर जिला पटवारी संघ द्वारा 28 अगस्त से अनिश्चित कालीन धरना प्रर्दशन अपने वेतनमान की मांगों को लेकर किया जा रहा है। जिसमें मांग की है कि अन्य सभी विभागों के वेतनमान में वृद्धि कर दी गई, परंतु पटवारियों का वेतन नहीं बढ़ाया गया है। म.प्र. के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि 25 वर्षो से पटवारियो के वेतनमान में वृद्धि नहीं हुई है। महगाई भत्ता भी 10 वर्षो से नहीं बढ़ाया गया है। 5200-20200 रूपए 2800 ग्रेड पे का लाभ पटवारियों को दिया जावे। पटवारी संघ द्वारा दिये जा रहे धरने में म.प्र. कांग्रेस के महामंत्री मनु मिश्रा ने धरना स्थल पर जाकर पटवारियों की मांगों का समर्थन किया। इस अवसर पर पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष शिवशंकर पटैल, उपाध्यक्ष प्रेमनारायण मिश्रा, सचिव गौरी शंकर अहिरवाल, संरक्षक कुंज बिहारी दुबे, तखत सिंह ब्लाक अध्यक्ष, पंकज जैन, लक्ष्मन मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष, जागेश्वर पटैल, आशीष साहू, हेमंत साहू, अनुराग शुक्ला, जय शंकर अठ्या, महेन्द्र श्रीवास्तव, लीतेष भालेकर, विषाल राय, दीपक खरे, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अमृता देवी बलिदान दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न



दमोह देशबन्धु। भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई दमोह के द्वारा अमृता देवी बलिदान दिवस को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का प्रारंभ जिला मंत्री देवेंद्र चौबे ने पर्यावरण गीत की प्रस्तुती दी एवं सभी ने प्रकृति वंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चंद्रभान पटेल भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भोपाल एवं संजय पटेल जिला संयोजक, पर्यावरण एवं जल संरक्षण गतिविधि जिला दमोह ने बीजारोपण से वृक्षारोपण एवं एक पेड़ देश के नाम का संकल्प दिलवा कर वृक्षारोपण का किया। कार्यक्रम में छात्रावास के अधीक्षक मुकेश व्यास, कलाकार यूनियन के पुरुषोत्तम लाल शर्मा, मध्यप्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के सोमनाथ यादव, मध्य प्रदेश बीड़ी मजदूर संघ के राजकुमार रैकवार, हम्माल यूनियन संघ के संयोजक शरद चौधरी, जितेंद्र अहिरवार, राहुल अहिरवार, आनंदी अहिरवार, हरिदास, मनीष अन्य लोगों की उपस्थिति रही सभी ने वृक्षों के संरक्षण का संकल्प लिया।

## बटियागढ़ ब्लॉक की कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को दी गई फैमिली केयर गिवर की ट्रेनिंग'



**दमोह देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बेक के निर्देशन एवं डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन के मार्गदर्शन में फैमिली केयर गिवर मॉडल का प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बटियागढ़, के मीटिंग हाल में दिया गया। जिसमें सीबीएमओ डॉक्टर श्रवण पटेल, बीपीएम राहुल तिवारी, बी ए एम महेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम प्री टेस्ट कराया गया, उसके बाद उन्हें प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी गई, टैबलेट एवं मोबाइल में निक्षय सॉफ्टवेयर डाउनलोड कराया गया और हेल्थ वेलनेस सेंटर में चल रहे, टीबी मरीजों के फैमिली केयर गिवर की जानकारी ऐप में इंटर की गई, समस्याओं का समाधान किया गया, सभी से पोस्ट टेस्ट कराया गया, प्रशिक्षण को सफल बनाने में सीएससी बटियागढ़ के स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।

## सरहदों पर राखियां भेजी गई



**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय कवि संगम मध्यप्रदेश जिला इकाई दमोह जिलाध्यक्ष आशीष तंतुवाय कबीर ने जानकारी देते हुए बताया है कि एक राखी मेरी भी अभियान के नगर के अनेकों विद्यालयों की छात्राओं ने राखी संग्रह अभियान को सफल बनाया है। अभियान अंतर्गत भारतीय सीमाओं पर तैनात सैनिकों को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राखियां प्रेषित की गई हैं। राष्ट्रीय कवि संगम प्रदेश मंत्री एवं विप्र नारी शक्ति मंच की संरक्षिका बबीता चौबे शक्ति के मार्गदर्शन में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी यह अभियान संपन्न हुआ। अभियान अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों की छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ स्वनिर्मित राखियां और शुभकामना संदेश बड़ी मात्रा में भेंट की हैं जिन्हें देश की विभिन्न सरहदों पर डाक के माध्यम से भेजा गया है।

## जिला चिकित्सालय में हुई निबंध व काव्य प्रतियोगिता



दमोह देशबन्धु। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेश नामदेव ने बताया कायाकल्प अभियान के तहत छात्र सर्व कल्याण मंच के सहयोग से स्थानीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला में स्वछता विषय पर काव्य लेखन व शहर को स्वच्छ बनाने में स्वयं का योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगता का आयोजन किया गया, जिसमें 64 बच्चो ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम कीर्ति जाटव, द्वित्तीय बबिता पटेल एवं तृतीय पिंकी प्रजापति एवं सांत्वना पुरस्कार हेतु सुहानी पटेल रही। काव्य प्रतियोगिता में प्रथम चुन्नी जाटव, द्वितीय कृष्णा पटेल, तृतीय हर्षिता सेन एवं सांत्वना पुरूस्कार हेतु दुर्गा विश्कर्मा रही । प्रतियोगिता में अस्पताल से डॉ. ए.पी. जैन, जीए डॉ. मनीष संगतानी व नर्सिंग ऑफिसर मिनिशिवा हेचन्ग व बबिता चौबे ने जाकर बच्चो को स्वच्छता से सम्बंधित ज्ञानवर्धक जानकारियां दी एवं पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित किए।

# एमएलबी स्कूल की पूर्व छात्राओं ने अनुभवों को सांझा किया



दमोह देशबन्धु। एम.एल.बी. स्कूल की पूर्व छात्राओं का दमोह की धरती पर मिलना एक ऐतिहासिक पल हैं। मेरी बड़ी दृढ़ मान्यता है शिक्षक, स्कूल और नदी उसके पास जो भी लौटकर जाता है, वह कुछ न कुछ हासिल करके ही आता है। आज जो पूर्व छात्राएं आई है, वे कुछ लेकर जायेंगी यह मेरा दृढ़ विश्वास है। इस आशय के विचार केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्थानीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला में आयोजित पूर्व छात्रा सम्मेलन में वर्चुअली रूप से संबोधित करते हुये कही। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बजाज, विधायक जबेरा धर्मेन्द्र सिंह लोधी, विधायक हटा पीएल तंतुवाय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी, नरेन्द्र व्यास, रेखा पटले एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री के निज सचिव आरके पटेल सहित वरिष्ठ पूर्व छात्रायें मौजूद थीं। केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने कहा जब कभी दुनिया में मनोविज्ञान के सर्वे होते हैं, तो सबसे संतुष्ट कौन है, जो औहदे पदों पर गये है, वैज्ञानिक या नोबल पुरूस्कार विजेता हैं वे नहीं है, जो अपने संबंधो को निभाने का काम करते है, वे दुनिया में सबसे ज्यादा संतुष्ट माने गये है। यह संबंधों के निर्वाहन की कोशिश है। मातृ शक्ति को मैं नदी भी मानता हूं, स्कूल भी मानता हूं और शिक्षक भी मानता हूं। निश्चित रूप से यह कुछ देकर भी जायेंगे और कुछ लेकर भी जायेंगे। हमारी विरासत बड़ी है रानी दुर्गावती जी की पांच सौ वी जयंती है। प्रतीक के रूप में स्मृति के रूप में हम वहीं देंगे। किसी ने पचास साल पहले कॉलेज से डिग्रियां हासिल की है, किसी ने पचपन साल पहले हाई स्कूल पास किया है और विरासत पांच सौ साल पुरानी है। ये तीनो एक रूट होकर जायेंगे तो ये अमरता को बनायेंगी। इस अवसर पर उन्होंने सभी पूर्व छात्राओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गायत्री दुबे, गुरमाला जैन, स्नेहलता जैन, कीर्ति असाटी, प्राक्षी श्रीवास्तव, डॉ प्रेमलता नीलम, पुष्पा पलंदी, मालती सिंघई, उर्मिला जैन, रितु सचदेवा, सोनम राय, सरिता जी, सारिका जी, ममता सिंधई, नीलू जैन, अनुभा मेहता, नीता तिवारी, नीता मिश्रा, कविता ऋषभ जैन, रश्मि वर्मा, डाली जैन, सुमन मिश्रा, नंदा असाटी, गीता ठाकुर, ज्योति सचदेवा, नीलिमा श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पूर्व छात्रायें एवं वर्तमान छात्रायें मौजूद रहीं।

## सार-समाचार

### कन्या महाविद्यालय में शतरंज और टेबल टेनिस प्रतियोगिता हुई आयोजित



**बीना, देशबन्धु।** शास. कन्या महाविद्यालय में भी राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हुआ। जिसमें शतरंज एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में खेल बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। क्रीड़ा अधिकारी अमन आर्य ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। मेजर ध्यानचंद खेल के क्षेत्र में सभी खिलाड़ियों के आदर्श रहे हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को खेल एवं फिटनेस के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. उमा लवानिया, डॉ. रश्मि जैन, नम्रता गर्ग, मनीष कुशवाहा, जितेंद्र नामदेव सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थिति रहा।

### अलग-अलग गांवों में दो शवों के मिलने से मचा हड़कंप

**बीना, देशबन्धु।** खिमलसा थानांतर्गत दो गांवों में अलग-अलग कारणों से दो युवकों के शव मिलते ही हड़कंप मच गया। जंगराई गांव में शासकीय स्कूल के किचन में एक व्यक्ति का शव मिला। फिर गढ़ौली जवाहर गांव में एक खेत में बनी डबरी में एक व्यक्ति का शव मिला। जिसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार काशीराम पिता गुलाब कुर्मी 58 निवासी जगराई का शव शासकीय स्कूल की किचन में पड़ा मिला। जिसकी जानकारी गांव के ही कालू बंजारा ने मृतक के भाई को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की। फिर शव को पीएम के लिए खुरई सिविल अस्पताल भेजा। व्यक्ति की मौत का कारण पुलिस जांच कर रही है। इसके अलावा गढ़ौली जवाहर गांव में तुलसीराम पिता चिमनलाल कुशवाहा 60 निवासी खिमलासा का शव एक खेत में बनी डबरी में मिला है। जिसकी पानी में डूबने से मौत हो गई।

# मंत्री भूपेन्द्र सिंह शिक्षा के क्षेत्र में दे रहे विशेष ध्यानः सरोज सिंह



सरोज सिंह मालथौन के ग्राम समसपुर में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में शामिल होकर लोगों

**मालथौन, देशबन्धु।** मंत्री भूपेन्द्र सिंह निरंतर क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात दे रहे हैं। जगह-जगह सड़कों का निर्माण, जिम, पार्क, ऑडिटोरियम, तालाब सौंदर्यीकरण सहित खुरई विस की जनता की जरूरत के सभी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसलिए उन्होंने क्षेत्र में सीएम राईज स्कूलें, पीएम श्री स्कूलों की सौगात दी है। छात्रों के परीक्षा परिणाम और अच्छे आएं इसलिए उन्होंने खुरई, मालथौन और बांदरी में निःशुल्क कोचिंग भी खुलवा दिए हैं। यह बात सरोज सिंह ने मालथौन के चार स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कही। की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया। उन्होंने मालथौन के नीमखेड़ा, खटोरा, ढिमरई वार्ड क्रमांक 15 में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन किए। सरोज सिंह ने विभिन्न विकास कार्यां के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समसपुर, नीमखेड़ा, खटोरा व ढिमरई में मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा किए गए विकास कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता, महिला शक्ति, युवा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं ने साईकिल रैली निकाली, नुक्कड़ नाटक किया



**राहतगढ़, देशबन्धु।** शास. महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने साइकिल रैली निकाली और ब्लॉक कॉलोनी में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। स्वीप कार्यक्रम की श्रृंखला में चुनाव में पंजीकरण और भागीदारी विषय पर परिचर्चा भी गई। प्राचार्य विनोद सनोदिया ने छात्र-छात्राओं को वोटिंग प्रक्रिया को समझाया एवं ईवीएम मशीन के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने वार्डो में जाकर सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो आदि नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। संचालन नोडल अधिकारी अपर्णा दुबे ने किया और श्रीकांत रिंगे ने आभार जताया।

## रक्षाबंधन के एक दिन पहले बाजार में रौनक लौटी



**राहतगढ़, देशबन्धु।** भाई-बहन के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन के एक दिन पहले रक्षाबंधन पर्व के चलते बाजार में रौनक दिखाई दी। दुकानदारो ने राखियों से मुख्य बाजार में दुकानें सजा रखी हैं। इस खास त्यौहार को देखते हुए अब बाजार सज गए हैं। बाजार में तरह-तरह की राखियां मिल रही हैं। प्रतिष्ठानों पर नए नए मिष्ठानों की बिक्री शुरू हो गई है। नई-नई विभिन्न डिजायनों में राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। सराफा दुकानों में भी सोने चांदी की राखियों की मन भावन डिजाइन आ रहीं हैं। वहीं मिष्ठानों की दुकानों में मिष्ठान की मांग बढ़ गई है। प्रतिष्ठानों में नये-नये स्वादिष्ट मिष्ठान बनाए जा रहे हैं। वहीं लोग कान्हा के नये-नये डिजाइन के आकर्षक वस्त्रों, मुकुट आदि को खरीद रहे हैं। मंगलवार को महिलाओं की राखी खरीदने सहित सौंदर्य प्रसाधन, वस्त्रालय, ज्वेलर्स, मिष्ठान आदि की दुकानों में खासी भीड़ दिखाई दी।

### रेलवे इंस्टीट्यूट में आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिता

**बीना, देशबन्धु।** नगर के रेलवे इंस्टीट्यूट में खेल दिवस के उपलक्ष्य में कर्मचारियों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, एमपीईबी, केंद्रीय विद्यालय, रेलवे और कृषि उपज मंडी के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के संयोजक मोहम्मद रफीक शेख ने बताया कि यह प्रतियोगिता कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए और एक दूसरे के परिचय के साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी। जिसमें बैडमिंटन एकल में अमन सैनी विजेता एवं मोहम्मद रफीक शेख उपविजेता रहे। बैडमिंटन युगल में मोहम्मद रफीक शेख और राजेश कुशवाहा विजेता, राजीव श्रीवास्तव तथा रामसेवक लोधी उपविजेता रहे। शतरंज में शिव प्रताप ठाकुर विजेता और हर्ष दांगी उपविजेता रहे। टेबल टेनिस में सुमित मिश्रा एवं मोहम्मद रफीक शेख संयुक्त विजेता घोषित किए गए। सभी ने इस तरह के आयोजनों पर बल दिया और कहा कि इस तरह के आयोजन भविष्य में होते रहने चाहिए। इस अवसर पर राकेश गुप्ता, अमित सेन, विवेक पाठक, विकास पटवा, संतोष भगत, शुभम पटेरिया सहित प्रतिभागी और दर्शक उपस्थित रहे।

### गालियां देने पर भांजे ने की मामा की हत्या

**सागर, देशबन्धु।** बंडा में हुई युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक की हत्या उसके ही भांजे ने की थी। शराब पीते समय दोनों के बीच गालियां देने को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात से गुस्साए भांजे ने पत्थर से सिर कुचलकर मामा की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 27 अगस्त को बंडा में ईदगाह मैदान की बाउंड्री के पीछे कब्रिस्तान के पास एक से दो दिन पुराना युवक का शव मिला था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। जांच के दौरान मृतक के सिर पर चोटों के निशान मिले थे। इससे स्पष्ट हुआ कि मृतक की सिर पर पत्थर मारकर हत्या की गई है। जांच में मृतक की पहचान सोहिल पुत्र नूर खां निवासी वार्ड क्रमांक 4 बंडा के रूप में हुई। शुक्रवार से गायब मृतक सोहिल की गुमशुदगी की रिपोर्ट परिवार वालों ने शनिवार को थाने में दर्ज कराई थी। शिनाख्त होने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया। वहीं फरियादी इस्माइल खां की शिकायत पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। पुलिस टीम हत्या का कारण और आरोपी की पड़ताल में जुटी। इसी दौरान पता चला कि मृतक के साथ ही उसका भांजा सोहिल पुत्र नसीब खां भी दो दिनों से गायब है। संदेह होने पर पुलिस ने भांजे सोहिल की तलाश शुरू की। अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इसी बीच सोहिल की लोकेशन गढ़ाकोटा में मिली। जिस पर पुलिस टीम तुरंत गढ़ाकोटा पहुंची और भांजे सोहिल को हिरासत में ले लिया। उसे पकड़कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि घटना दिनांक को शराब पीते समय मृतक ने मांए बहन की गंदी-गंदी गाली दी थी। गालियों से गुस्सा होकर पत्थर से सिर कुचलकर मृतक सोहिल खां की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था।

## रक्षाबंधन का त्यौहार पवित्रता का प्रतीक हैः बीके नीलम



**राहतगढ़, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवाकेंद्र राहतगढ़ में रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया गया साथ ही नगर के विभागीय अधिकारियों को बहनों ने सद्भावना राखी बांधी। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने रक्षाबंधन पर्व का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन आत्मा की सर्वांगीण सुरक्षा के लिये परमपिता परमात्मा शिव की ओर से बांधा गया पवित्र बंधन हैं। यह मर्यादा का बंधन हैं, सद्गुणों का बंधन हैं, शुद्ध दृष्टि, वृत्ति, कृति का बंधन हैं। मस्तिष्क पर आत्म स्मृति का तिलक यह संदेश देता है कि मिट्टी की देह को न देख, मस्तिष्क में जगमगाती मणि को देखो और हरेक आत्मा भाई से आत्मिक स्नेह रखो। रक्षाबंधन का त्यौहार पवित्रता का प्रतीक हैं। बुराइयों, विकर्मों से सर्व की रक्षा करने, एक की याद के सूत्र में उमंग उत्साह और खुशी की खुराक से निरोगी और दीर्घायु बनाने वाले रक्षासूत्र को परमपिता परमात्मा की याद में रह बांधना हैं।

# मंत्री भूपेंद्र सिंह बरोदिया नौंनागिर पहुंचे, मृतक के परिजनों से भेंट कर दुख जताया

## परिवार को दी गई राहत और घायल के उपचार की जानकारी ली



**सागर, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बरोदिया नौंनागिर ग्राम पहुंचकर गत दिनों हुए घटनाक्रम में दिवंगत हुए नितिन अहिरवार के निवास पर पहुंच कर परिजनों से भेंट कर संवेदना प्रकट की। मंत्री श्री सिंह ने मृतक के परिजनों से बात कर घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। मंत्री श्री सिंह ने कलेक्टर दीपक आर्य से मौके पर ही पीड़ित परिवार को दी जाने वाली सहायता राशि की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि पीड़ित परिवार को 4,12500 रुपए बैंक में हस्तांतरित किए गए हैं, एक लाख रुपए रेड क्रॉस के माध्यम से एवं एक लाख नगद तत्काल सहायता प्रदान की गई थी। चालान पेश होने पर 412500 की राशि और प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपए की अंतरिम सहायता मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से स्वीकृत होने पर प्रदान की जाएगी। घायल बड़ी बहू व बहिन अंजना के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। पीड़ित परिवार को गृहस्थी की सामग्री का नुकसान होने पर दो दर्जन से अधिक प्रकार की सामग्री भी प्रदान की गई है। अभी राशि और मिलेगी। मंत्री श्री सिंह ने मृतक के पिता रघुवीर अहिरवार और भाई विष्णु अहिरवार से चर्चा के दौरान बताया कि परिवार की बेटी की नौकरी के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से उनकी बात हुई है। बेटी को सागर, खुरई जहां भी सुविधा होगी वहां नौकरी दी जाएगी। चर्चा करते हुए मृतक की मां बड़ी बहू के उपचार की स्थिति की जानकारी स्वास्थ्य अधिकारियों से फोन पर ली और निर्देश दिए कि घायल के अच्छे से अच्छे उपचार के लिए आवश्यकतानुसार सागर की प्राइवेट हॉस्पिटल या भोपाल रेफर करने की व्यवस्था करें। मंत्री श्री सिंह ने परिवार से कहा कि सहायता के लिए सरकार सभी कदम उठाएगी। आपराधिक मामले में न्याय होगा। दूसरे लोग सिर्फ भाषण देने आएंगे और फोटो उतरवाकर राजनैतिक इस्तेमाल करके चले जाएंगे। काम में भाजपा सरकार ही आई है और आएगी। मौके पर एसपी अभिषेक तिवारी भी उपस्थित थे।

## ईएफए पं.रविशंकर शुक्ल विद्यालय में चुनावी पाठशाला संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन मंगलवार को किया गया। निर्वाचन कार्य में सहयोगिता प्रदान करने विद्यालय की कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं की समस्त छात्राओं को चुनावी पाठशाला लगाई गई। उन्हें स्मार्ट क्लास द्वारा इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, वोटर अवेयरनेस क्लब की जानकारी दी गई। विद्यालय परिवार के मुखिया डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी ने छात्राओं को एक-एक वोट का महत्व बताते हुए देश के चुनावी हवन में आहुति डालने को कहा। विद्यालय के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के द्वारा छात्राओं को वोटर हेल्पलाईन एप, वोटर फेसीलेटर एप आदि महत्वपूर्ण मतदान से संबधित जानकारियां दी गई। चुनावी पाठशाला में जानकारी प्राप्त कर छात्राओं ने अपना अधिकार सर्तकता समझदारी से उपयोग करने का वादा किया और इसी उत्साह के साथ संपन्न हुई हमारे विद्यालय की चुनावी पाठशाला। मेजर ध्यानचंद जिन्हें हॉकी का जादूगार भी कहा जाता है, उनकी जयंती को हमारा देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते है, उसी कार्यक्रम के तहत विद्यालय में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं खो-खो, बेड़मिन्टन, कबड्डी, चैस,कैरम, शंतरज, रस्सी कूद आदि प्रतियोगिता संपन्न हुई। बेडमिन्टन प्रतियोगिता में 24 छात्राओं ने 21 पाइन्ट का गेम खेला, खो-खो प्रतियोगिता संकायों की छात्राओं के बीच हुआ जिसमें सभी शिक्षक भी प्रतियोगियों के जैसे उत्साहित लगे, कैरम और शंतरज की प्रतियोगिता सदनवार वर्गीकत करके संपन्न कराई गई, विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक ने बच्चों को खेल की बारिकियों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी ने मेजर ध्यानचंद के जीवन की कुछ घटनाओं को बच्चो से साझा किया, विद्यालय की कुछ शिक्षिकाओं ने भी शतंरज पर अपना हाथ अजमाया। कार्यक्रम में रिंकी राठौर,उषा सतभैंया, डॉ. शुभा मिश्रा, डॉ. नाहिद परवीन, नीलोफर खान, करन पटैल, अशोक पटेल आदि शिक्षक की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुई।

## जन सुनवाई में 52 आवेदनों पर हुई कार्यवाही



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने आम लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। जिले के 52 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

## संतो की रक्षा के संकल्प के रूप में मनाए श्रवण संस्कृति रक्षा दिवसः मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जैन दर्शन में संतों की रक्षा के संकल्प के रूप में रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है। इसे श्रमण संस्कृति रक्षक दिवस को आप मनाएं। आज जो संतों के साथ घटनाएं हो रही हैं इसकी पुनरावृत्ति ना हो यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा पत्नी यार दोस्त का रिश्ता तो हम स्वयं बनाते हैं, भाई बहन का रिश्ता तो ऊपर से बनकर आता है। धर्म, संस्कृति, तीर्थ, मंदिर, समाज, परिवार एवं देश की रक्षा का संकल्प लें। जैन दर्शन में 700 मुनियों पर जब संकट आया था, तो मुनिश्री विष्णु कुमार ने मुनियों की रक्षा की थी इसलिए इसे श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस, उपसर्ग निवारण दिवस, रक्षाबंधन, वात्सल्य दिवस भी कहते हैं। क्षुल्लक चंद्रदत्त सागर ने कहा कि रक्षा के संकल्प रूप में सभी श्रद्धालु रक्षा सूत्र बांधे। यह पर्व श्रमण एवं श्रावक की रक्षा का पर्व है। संत, श्रावक को ज्ञान, ध्यान, धर्म एवं संस्कारों का पाठ पढ़ाते हैं और श्रावक आहार, विहार एवं निहार में सेवा करके अपना मुक्तिपथ प्रशस्त करते हैं, उन्होंने कहा रक्षाबंधन किसी डोर, धागे का नाम नहीं, यह तो सुरक्षा, समर्पण, सेवा और सहयोग का पर्व है। सभी संस्थाएं, समाज मुनियों पर आ रहे संकटों में अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों को निभाएं और रक्षा में तत्पर रहे, आगे आए, तभी यह पर्व मनाना सार्थक होगा।

## राजीव नगर वार्ड स्थित डेयरी के 46 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट किया

**सागर, देशबन्धु।** पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत राजीव नगर वार्ड स्थित राहुल साहू की डेयरी के 46 पशुओं को शहर से बाहर भेजा गया। जिनमें 28 पशु डेयरी विस्थापन स्थल रतौना नगर निगम के वाहन द्वारा शिफ्ट किया गये एवं 18 पशु अपने गांव ले गए। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया सहित दल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ढोलक में छिपाकर गांजा तस्करी कर रहे 3 आरोपी गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** कैंट थाना पुलिस ने ढोलक में गांजा छिपाकर तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 6 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग ढोलक में चमड़े के अंदर गांजा छिपाकर तस्करी कर रहे है। वे स्वयं को ढोलक बजाने वाले बताकर अपनी पहचान छिपाते है। खबर मिलने पर पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए शहर में घूम रहे तीन आरोपियों को हिरासत में लिया। थाने लाकर पूछताछ की, पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हन्नू पुत्र दोलत कुशवाहा उम्र 40 साल निवासी कुवरपुरा गल्लामंडी के पास टीकमगढ़, सुकई उर्फ सुखलाल पुत्र दम्मू कुशवाहा उम्र 40 साल निवासी समदुआमुहल्ला ललितपुर और भीकम पुत्र रघुवीर कुशवाहा उम्र 31 साल निवासी समदुआमुहल्ला ललितपुर उप्र होना बताया। आरोपियों के पास से जब्त ढोलक, प्लास्टिक की बोरी और बैग की तलाशी ली तो उसमें से गांजा बरामद हुआ। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 किलो 500 ग्राम कीमती 1.30 लाख रुपए का गांजा जब्त किया। सीएसपी यश बिजौरिया ने बताया कि गांजे के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ कैंट थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड और गांजे के संबंध में पड़ताल की जा रही है।

## मतदाता जागरूकता रैली को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सागर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता रैली का आयोजन खेल परिसर से पीटीसी ग्रांउड तक किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए मतदान करना अपरिहार्य है। जिन नागरिकों की आयु 1 अक्टूबर तक 18 वर्ष पूर्ण हो रही है वह अपना मतदाता परिचय पत्र बनवाये तथा जिनके पास मतदाता परिचय पत्र है। वह मतदान दिवस पर मतदान करने जाये तभी लोकतंत्र के मंदिर की पूजा हो सकेगी। जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा ने स्लोगन बोलते हुए कहा लोकतंत्र से जोड़ो नाता जय मतदाता जय मतदाता अर्थात लोकतंत्र के मंदिर में मतदाता की जय हो। मतदाता जागरूकता रैली को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का संयोजन जिला खेल अधिकारी प्रदीप अबिद्रा ने तथा संचालन जिला स्वीप कोर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन ने किया। रैली में जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन, डीपीसी गिरीश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में मतदाता उपस्थित थे।



## हत्या और महिला पर हुए जघन्य अपराध को लेकर कांग्रेस सेवादल ने निकाला कैंडल मार्च



**सागर, देशबन्धु।** ग्रामीण और शहर कांग्रेस सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश में हो रहे अनुसूचित जाति जनजाति पर हो रहे अत्याचार के विरोध में और पिछले दिनों खुरई की बरोदिया नैनागिर ग्राम में अनुसूचित जाति के युवक की हत्या और उसकी मां को निर्वस्त्र करने की घटना को लेकर समस्त कांग्रेस जन शास्त्री चौक पर एकत्रित होकर हाथों में कैंडल लेकर अंबेडकर प्रतिमा भगवानगंज पहुंचे। जहां समस्त कांग्रेसी जनों ने मृतक नितिन अहिरवार को श्रद्धांजलि दी और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि बरोदिया नैनागिर में हुई घटना में लिप्त अपराधियों को सत्ता का राजनैतिक संरक्षण प्राप्त था। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अमित दुबे रामजी ने कहा कि सीधी पेशाब कांड के बाद मुख्यमंत्री का पैर पखारना एक नौटंकी थी, प्रदेश का मुखिया दलितों पर हो रहे अपराधों को लेकर गंभीर नहीं है। इस अवसर पर शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव ने भी अपने विचारों में प्रदेश की कानून व्यवस्था को आड़े हाथों लिया।

## युवक की हत्या और महिला को अपमानित करने के विरोध में कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन



**सागर, देशबन्धु।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नोनागिर में अनुसूचित जाति के युवक की दंबगों द्वारा की हत्या एवं महिला को निर्वस्त्र किये जाने के विरोध में जिला शहर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा कि भाजपा शासन में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों पर अत्याचार करना फैशन बन गया है। आए दिन महिलाओ से सरेआम दुराचार किया जा रहा है, कांग्रेस हमेशा पीड़ित पक्ष के साथ है। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्वदेश जैन गुड्डू भैया ने इस घटना को दुर्भाग्य पूर्ण बताया। प्रदेश महासचिव मुकुल पुरोहित ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह इस मामले में बरोदिया नोनागिर पीड़ित पक्ष से मिलने आ रहे है, सागर से हजारों की संख्या में कांग्रेस जन वहां जायेगे। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा भाजपा के लोग जनता को दर्द दे रहे है। जिला प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि शिवराज सरकार आम लोगो पर आतंक का पर्याय बन गई है। इस अवसर पर पुरषोत्तम मुन्ना चौबे, चक्रेश सिंघई, रजनी ठाकुर, सिंटू कटारे, महेश जाटव, वीरेन्द राजे, भैयन पटेल, रजिया खान आदि उपस्थित थे। धरना कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने तथा आभार सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने व्यक्त किया।

## गोविंदराम मनवानी के जन्म दिवस पर होगा शिक्षक सम्मान समारोह

**सागर, देशबन्धु।** सिंधी समाज के प्रथम गुरु प्राचार्य गोविंदराम मनवानी के जन्म दिवस 5 सितम्बर के उपलक्ष्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिंधु संस्कार समिति द्वारा सिंधी कॉलोनी में शिक्षक दिवस पर शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन होता आ रहा है। शिक्षक दिवस पर जन्मे स्व. गोविंदराम मनवानी सागर के पहले सिंधी प्राथमिक शाला के प्राचार्य एवं अखंड भारत में लाडकाना में भी प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहकर आदर्श शिक्षक के रूप में सादा जीवन व्यतीत किया उनकी स्मृति में प्रति वर्ष गुरुओ का सम्मान करते है।




# चाकू अड़ाकर बदमाशों ने की लूट, आरोपी गिरफ्तार

**सागर, देशबन्धु।** सुरखी थाना की ढाना पुलिस चौकी क्षेत्र में बाइक सवार चार बदमाशों ने राहगीर दो युवक के साथ चाकू की दम पर लूट की।

आरोपी चाकू अड़ाकर युवकों से मोबाइल और पर्स लेकर भाग गए। वारदात सामने आते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लूट कर भागे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार रामराघव दुबे उम्र 22 साल निवासी ग्राम पटना बुजुर्ग ने शिकायत में बताया कि वह बीएसएनएल बीसैट का काम करता है। 14-15 अगस्त की रात करीब 1.10 बजे रामराघव अपने दोस्त राजा तिवारी के साथ बाइक से सागर से अपने घर ग्राम पटना बुजुर्ग जा रहा था। वह बन्नाद गांव से आगे नदी की ओर निकले। तभी कृति होटल के आगे से एक बाइक पर सवार दो बदमाश आए और उन्होंने मेरी बाइक के सामने बाइक अड़ा दी। गाड़ी की हेडलाइट पर डंडा मारा तो मैंने अपनी बाइक रोक ली। तभी दूसरी बाइक पर सवार दो बदमाश और आ गए। उन्होंने हम दोनों को पीछे से पकड़ लिया। इसी दौरान एक बदमाश ने चाकू निकाला और अड़ा दिया। उन्होंने कहा कि जो भी तुम्हारे पास है दे दो। वरना चाकू मार देंगे। सामान देने से मना किया तो उन्होंने छाती में घूंसा मार दिया। जिसके बाद आरोपियों ने राजा तिवारी और रामराघव दुबे के जेब से मोबाइल व पर्स निकाले और भाग गए। घटनाक्रम के समय रास्ते से निकले वाहनों की लाइट में बदमाशों के चेहरे देख लिए थे। मामले में फरियादी रामराघव दुबे ने थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। जांच के दौरान आरोपियों की तलाश शुरू की गई। मुखबिर तंत्र सक्रिय किया।

इसी दौरान कुछ संदेहियों के नाम सामने आए। जिसके आधार पर पुलिस ने चार बदमाशों को उठाया और थाने लाए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल लिया है। उनसे लूट का सामान बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि लूट की वारदात में गंभीरिया निवासी आरोपी अभी पुत्र मोहन कुशवाहा, भास्कर पटेल, स्वदेश सेन निवासी लक्ष्मीनगर और रजाखेड़ी मकरोनिया निवासी विवेक अहिरवार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया है।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।